नई दिल्ली, सोमवार 22 जनवरी 2024 ■ पौस मास शुक्ल पक्ष- 12 ■ वर्ष : 27, अंक : 288 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 20 न्यून.08 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### यह है प्राण प्रतिष्ठा का मंत्र

अस्यै प्राणा: प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणा: क्षरन्तु च अस्यै, देवत्य मर्चायै माम्हेति च कश्चन।
ऊं श्रीमन्महागणाधिपतये नम: सुप्रतिष्ठितो भव, प्रसन्नो भव, वरदा भव।।

## पृथ्वी का 'सबसे बड़ा दिन'....5 सदी बाद आई शुभ घड़ी....आज देश भर में 'राम-दिवाली'

◆ बहु-प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज, प्रात: काल 10 बजे 'मंगल ध्वनि' से गूंजेगा अयोध्याधाम, 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि दोपहर 12:20 बजे से शुरू होगी



## भारत के भाग्य अब 'जाग' जाएंगे

हेलीकॉप्टर से पुष्पों की वर्षा भी होगी, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी। शाम को अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगाएगी

# आज 'राम' आएंगे

### अयोध्या में सभी भक्तों को मिलेगा देशी घी के लड्डुओं और रोली का प्रसाद

अनिल के अंकुर/टीएन मिश्र ▶▶ अयोध्या

500 साल के लंबे संघर्ष के बाद यह दिव्यतम व स्वर्णिम क्षण। आज का दिन पृथ्वी का सबसे बड़ा दिन है। आज देश भर में 'राम दीवाली' मनेगी। आज भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या में सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश भर के विभिन्न प्रदेशों के प्रसिद्ध वाद्ययंत्रों का भी वादन होगा। इन स्वर लहरियों के बीच श्रीरामलला अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे। भक्ति भाव से विभोर अयोध्याधाम में श्रीराम जन्मभूमि में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सोमवार प्रातःकाल 10 बजे से मंगल ध्वनि का भव्य वादन किया जाएगा। इस समारोह के दौरान 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्रों, विभिन्न राज्यों से आए कलाकार लगभग 2 घंटे तक इस शुभ अवसर पर अपनी मनोरम प्रस्तुति देंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी,जिसमें लक्ष्मी कांत दीक्षित के नेतृत्व में पुजारियों की एक टीम 22 जनवरी को अनुष्ठान करेगी। पूजन-अर्चना के बाद प्रभु राम सोमवार को अयोध्या में विराज जाएंगे। मां सीता अपने स्थान पर मौजूद होंगी और हनुमान वही सेवक की भूमिका में विधिवत विराजेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद 50 मिनट तक पूजन कार्य में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अहम भूमिका में रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के पहले चरण का पूजन कार्य सोमवार की दोपहर तक पूरा हो जाएगा। 114 कलशों के औषधीय जल से प्रतिमा का हुआ स्नान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान छठवें दिन रविवार को सुबह नौ बजे से जारी रहा। 114 कलशों में औषधियुक्त जल एवं देश के विभिन्न तीर्थों से लाए गए पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति का स्नान हुआ।




### इन वाद्ययंत्रों से होगा प्रभु श्री राम का स्वागत

*भारतीय परंपरा के वादन में जितने प्रकार के वाद्ययंत्र हैं, सभी का मंदिर प्रांगण में वादन होगा। इनमें उत्तर प्रदेश का पखावज, बांसुरी, ढोलक, कर्नाटक का वीणा, महाराष्ट्र का सुंदरी, पंजाब का अलगोजा, ओडिशा का मर्दल, मध्यप्रदेश का संतूर, मणिपुर का पुंग, असम का नगाड़ा और काली, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावणहत्था, बंगाल का श्रीखोल, सरोद, आंध्र का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम,तविल, मृदंग और उत्तराखंड का हुड़का शामिल हैं।*

## प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को न्योता मिला है। मेहमानों को 10:30 बजे तक रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करना होगा। प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में की जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने निकाला है। यह कार्यक्रम पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में होगा।



## शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से

शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त केवल 84 सेकंड का है। पूजा-विधि के जजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दौरान 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य और 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की भी उपस्थिति होगी। सभी पूजा-विधि समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।


### चार घंटे अयोध्या में रहेंगे पीएम मोदी

*पीएम मोदी सोमवार को चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। सुबह 10:25 बजे अयोध्या एयरपोर्ट और 10:55 पर राम जन्मभूमि पहुंचेंगे। 12:05 बजे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद एक बजे प्रस्थान कर सभा को संबोधित करेंगे। 2:10 पर कुबेर टीला पर शिव मंदिर में पूजन दर्शन कर दिल्ली लौट जाएंगे।*

### रविवार रात 8 बजे रामलला की मूर्ति रखी गई

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला की मूर्ति जो वर्तमान में अस्थायी मंदिर में है, रविवार को शाम 8 बजे नए मंदिर में रखी गई। जहां नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठान कल की जाएगी।

## इसरो ने साझा कीं उपग्रह से खींची 'राम मंदिर' की तस्वीरें



### अंतरिक्ष से दिखा खूबसूरत नजारा

*नई दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को महज एक दिन ही बचा है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर हैं। देशभर के मंदिरों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। अयोध्या स्थित मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। इसी बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंदिर से जुड़ी ऐसी तस्वीरें साझा की, जिसे आप बार-बार देखेंगे। इसरो ने अपने स्वदेशी उपग्रहों की मदद से अंतरिक्ष से राम मंदिर की तस्वीरें खींची।*

## पीएम का 'कठोर व्रत'




तमिलनाडु के धनुषकोडी स्थित श्री कोदंडराम स्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

## जहां पहली बार श्री राम से मिले थे विभीषण,वहां पहुंचे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने दो दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे के तहत पीएम मोदी रविवार को धनुषकोडी के पास अरिचल मुनाई में पहुंचे। अरिचल मुनाई के बारे में कहा जाता है कि है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था।

इसके बाद पीएम मोदी धनुषकोडी पहुंचे, जहां भगवान राम ने रावण को हराने की शपथ ली थी। यहीं से पवित्र मिट्टी लेकर वह लंका के लिए आगे बढ़े थे। इन यात्राओं का काफी महत्व है क्योंकि पीएम सोमवार को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या जा रहे हैं।



### धनुषकोडी मंदिर का महत्व

यह मंदिर श्री कोदंडराम स्वामी को समर्पित है। कोठंडाराम नाम का अर्थ धनुषधारी राम है। यह धनुषकोडी नामक स्थान पर स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण पहली बार श्री राम से मिले थे और उनसे शरण मांगी थी। इसके बारे में ऐसा भी कहा जाता है कि यही वह स्थान है जहां श्री राम ने विभीषण का राज्याभिषेक किया था। रामकथा के मुताबिक युद्ध शुरू होने से पहले रावण के भाई विभीषण ने रावण को समझाने की कोशिश की थी। विभीषण का कहना था कि रावण सीताजी को लौटा दे और क्षमा मांग ले। विभीषण की इस बात को रावण ने राजद्रोह माना और उसे लात मारकर लंका से निकाल दिया। इसके बाद विभीषण लंका से निकलकर सागर पार श्रीराम के शरण में पहुंचे थे, जहां उनकी भेंट पहली बार श्रीराम से हुई। श्रीराम का सागर किनारे जहां शिविर था, उसी के नजदीक एक स्थान से रामसेतु बनना शुरू हुआ था। यही स्थान आज अरिचल मुनाई पॉइंट कहलाता है।

## 53 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में कार्रवाई

# ईडी ने की ज्वेलर्स समूह की करोल बाग स्थित दुकानें कुर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत 'श्री राजमहल ज्वेलर्स' समूह की दिल्ली के करोल बाग बाजार क्षेत्र में स्थित दुकानों को कुर्क कर लिया है। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। ईडी के मुताबिक, ये संपत्तियां गिन्नी गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक-सह-प्रवर्तकों गिन्नी देवी तथा रीना गोयल की हैं। एजेंसी ने एक बयान में कहा किगिन्नी गोल्ड, श्री राजमहल ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड की एक 'समूह कंपनी' है। श्री राजमहल ज्वेलर्स वर्तमान में दिवालिया कार्यवाही से गुजर रहा है। एजेंसी के अनुसार, दुकानों को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है और इनकी कीमत 4.34 करोड़ रुपये से अधिक है। धन शोधन की मौजूदा जांच कंपनी (गिन्नी गोल्ड) और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ 'बैंक धोखाधड़ी तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ 53 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी' के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने कहा कि बैंकों के साथ 232 करोड़ रुपये की 'धोखाधड़ी' करने के आरोप में श्री राज महल ज्वेलर्स के प्रवर्तकों और समूह कंपनियों के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं।

### ऑनलाइन गेम खेलने के लिए ग्राहकों की एफडी तोड़ने वाले पूर्व बैंक अधिकारी की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की 52 करोड़ रुपए से अधिक की सावधि जमा तोड़ने और उसका इस्तेमाल ऑनलाइन गेम खेलने के लिए करने के आरोप में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक पूर्व अधिकारी की 2.56 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और सावधि जमा जब्त कर ली गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 'नॉर्थ कैम्पस' के खालसा कॉलेज परिसर स्थित बैंक की शाखा में कार्यरत बेदांशु शेखर मिश्रा को कथित धोखाधड़ी के प्रकाश में आने के बाद नवंबर 2022 में बैंक से निलंबित कर दिया गया था। धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज प्रवर्तन निदेशालय का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से जुड़ा है। कथित धोखाधड़ी 2021-22 के बीच हुई थी। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि मिश्रा ने 'अपने आधिकारिक पद का कथित दुरुपयोग किया और कई ग्राहकों की जानकारी के बिना उनकी एफडी (सावधि जमा) अनधिकृत रूप से भुनाने के लिए अपनी और अन्य कर्मचारियों की 'सिस्टम आईडी' का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी की।

## राजनिवास में मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजनिवास में मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा राज्यों का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर तीनों राज्यों से जुड़े लोगों ने राजनिवास में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मणिपुरी बसंत रास, गारो तथा खासी लोक गीत-संगीत और होजागिरी नृत्य के माध्यम से परंपरा को दिखाया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने इन राज्यों के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उपराज्यपाल ने कहा कि यह अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को जीवित करने वाला है। इन राज्यों के द्वारा राज्य आदिम और आधुनिक के समन्वय का अद्भुत उदाहरण देखा जा सकता हैं।

# निशानेबाजों को अखिल भारतीय वैधता वाला शस्त्र लाइसेंस जारी करे दिल्ली पुलिसः एलजी

### कारतूस खरीदने का कोटा भी सालाना 20 से बढ़ाकर किया 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के निशानेबाजों की बड़ी समस्या का हल करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्हें ऐसा शस्त्र लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए है जो समस्त भारत में मान्य हो। इसके लिए एलजी ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए है कि प्रख्यात निशानेबाजों को अखिल भारतीय वैधता वाला शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाए। इसके अलावा खिलाड़ियों को दिए जाने वाले कारतूसों की संख्या में भी इजाफा करने के निर्देश दिए है। साथ ही एलजी ने पुलिस को शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया भी सहज और सरल बनाने को कहा है।

इस बारे में राजनिवास से जुड़े एक अधिकारी ने बताया एलजी ने उक्त कदम निशानेबाजों को विभिन्न खेल आयोजनों में हिस्सा लेने के अलग अलग राज्यों में यात्रा को देखते हुए उठाया है। अधिकारी के अनुसार अब कारतूस खरीदने का कोटा भी सालाना 20 से



बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया है। जिसके तहत खिलाड़ी एक बार में 10 के बजाय 1 हजार कारतूस खरीद सकेंगे।

### शीघ्रता से करे नए आवेदनों का निपटारा

उन्होंने बताया कि इस फैसले से लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटान के अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि नए आवेदनों का निपटारा एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध तरीके से किया जाए। अब तक ऑनलाइन पोर्टल हथियार लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं करता था। लेकिन अब पुलिस सभी सेवाओं- नए लाइसेंस, नवीनीकरण, क्षेत्र की वैधता, पंजीकरण, हथियारों की बिक्री आदि को समयबद्ध तरीके से करेगी। अधिकारी ने बताया कि एलजी ने पुलिस से इस साल के अंत तक लंबित करीब छह हजार आवेदनों का निपटारा भी करने को कहा है। जबकि संशोधित शस्त्र लाइसेंसिंग पोर्टल को मार्च के अंत तक क्रियान्वित किया जाए।

जिस पर आवेदकों को अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन या वीडियो कॉन्फ्रेंस अथवा वीडियो कॉल के माध्यम से अपने साक्षात्कार की तारीख और समय निर्धारित करने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा। अधिकारी का कहना है कि एलजी के निर्देश पर 15 जनवरी से पुलिस ने इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) और राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) से आवेदकों के आपराधिक रिकॉर्ड की पुष्टि करने के बाद स्थानीय पुलिस रिपोर्ट (एलपीआर) की लंबित अवधि के दौरान अंतिम नवीनीकरण देना शुरू कर दिया है।

### समयपुर बादलीः डीजे वाले पर किया हमला

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में शनिवार को एक शादी समारोह में गाना बदलने से मना करने पर एक डीजे वाले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस घटना के बाद घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर आगे की तफ्तीश कर रही है। पुलिस के मुताबिक घायल युवक का नाम विशाल (18) है। वह सिरसपुर का रहने वाला है। शनिवार रात को वह शादी के फंक्शन में डीजे बजाने के लिए शिव वाटिका रेलवे स्टेशन रोड समयपुर गया था। रात करीब 11 बजे जब वह डीजे बजा रहा था तो एक शख्स उसके पास आया और गाना बदलने के लिए उसके साथ बहस करने लगा। इस पर विशाल ने गाना बदलने से मना कर दिया। जिस वजह से दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान राहुल नाम के आरोपी ने जेब से कोई धारदार चीज निकाली और उसकी पीठ पर हमला कर दिया।

## कार चोरी करने वाले हाईटेक नेक्सस का सक्रिय बदमाश धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की एएटीएस टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोरों के हाईटेक नेक्सस में शामिल कार चार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी हुई दो टॉप मॉडल लग्जरी एसयूवी और कारों के स्पेयर पार्ट्स व एक स्कूटी बरामद की है। आरोपी ऑन डिमांड लग्जरी कारें चुराता था। वह कार चोरी के 97 मामलों में शामिल पाया गया है। हाल के तीन कार चोरी के मामलों में भी वह वांछित चल रहा था। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार महरौली थाने के वाहन चोरी के केस में लोकेश नामक कुख्यात वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया है। छतरपुर एक्सटेंशन निवासी शख्स ने गत वर्ष 29 सितंबर को घर की पार्किंग से कार चोरी होने की शिकायत दी थी। मामले में एएटीएस टीम को भी शामिल किया गया था। टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और अपराध स्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज एकत्र कर उनका गहन विश्लेषण किया। लगातार प्रयास से घटनास्थल पर दो संदिग्ध व्यक्ति विकृत नंबर प्लेट वाली स्कूटी पर घूमते नजर आये थे। स्कूटी सवारों द्वारा लिए गए रूट का पता लगाया गया और उसका सूक्ष्मता से विश्लेषण किया गया। आखिरकार एक संदिग्ध की पहचान मैदानगढ़ी निवासी लोकेश के रूप में की गई। सर्विलांस एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर लोकेश को इग्नू मेन रोड, नेब सराय इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी निशानदेही पर चोरी की गई दो टॉप मॉडल कारें क्रेटा और सेल्टोस व वह अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की गई।

### एक करोड़ की लूट में शामिल रहा बदमाश हथियार के साथ दबोचा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की नजफगढ़ पुलिस ने एक करोड़ की लूट में शामिल शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देसी कट्टा और एक कारतूस भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार किये गये बदमाश का नाम सुरेंद्र दास बताया गया है। वह चंदर मोहल्ला, धरमपुरा, नजफगढ़ का रहने वाला है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस नजफगढ़ क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान जब टीम साईं बाबा मंदिर के पास मौजूद थी तभी हेड कांस्टेबल परमजीत को लुटेरे गैंग के सुरेंद्र दास के बारे में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम जल बोर्ड कॉलोनी, रोशन गार्डन के पास पहुंची। पुलिस स्टाफ को देखकर संदिग्ध ने भागने की कोशिश की लेकिन टीम ने हल्का बल प्रयोग करके आरोपी व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक कारतूस व देशी कट्टा बरामद हुआ।

## ठगी के कई मामलों में शामिल रहा तांत्रिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साउथ कैंपस पुलिस ने भगौड़ा घोषित तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी तांत्रिक बाबा पारिवारिक मुद्दों/रिश्ते के मुद्दों आदि का समाधान प्रदान करने के लिए पीड़ितों विशेषकर महिलाओं को ठगता था। वह चार वर्ष से फरार चल रहा था।

डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार आरोपी तांत्रिक का नाम हारुन उर्फ बंगाली बाबा (37) निवासी गाजियाबाद, यूपी है। हाल ही में इसके बारे में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी। बंगाली बाबा बनकर यह शख्स कई भोले-भाले लोगों को ठग चुका था। एक केस सफदरजंग एंक्लेव थाने में भी इसके खिलाफ दर्ज था। साकेत कोर्ट भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। आरोपी को साकेत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बंगाली बाबा पारिवारिक मुद्दों, वशीकरण आदि के समाधान प्रदान करने के लिए मोबाइल नंबरों के साथ समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करवाता था। जब पीड़ित उसे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बुलाते थे तो वह उन्हें पूर्ण समाधान का आश्वासन देता था। जैसे ही कोई उनसे संपर्क करता था तो वह ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर कॉल पर ही मंत्र पढ़ता था। बाद में और रुपयों की भी मांग करता था। जब पीड़ित अधिक पैसे भेजने से इनकार करते थे तो वह उन्हें व उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी देता था।

### पिन देखकर एटीएम कार्ड छीनने वाला लोगों ने दबोचा

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में एक युवक ने पहले चुपके से एटीएम का पिन देखा और फिर कार्ड छीन लिया। पीड़ित 11वीं के छात्र ने पुलिस बुलाने को कहा तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। हालांकि बदमाश फरार हो पाता इससे पहले सिक्युरिटी गार्ड और लोगों ने पीछी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी का नाम कृष्ण (22) बताया गया है। वह मेट्रो विहार, होलंबी कलां का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक शुभम (18) विजय नगर, नरेला क्षेत्र में परिवार के साथ रहता है। वह केंद्रीय विद्यालय में 11वीं का छात्र है। शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने पिता पवन कुमार का एटीएम कार्ड लेकर आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचा था। एटीएम से रुपए निकालते समय एक युवक ने पीछे से उसका पिन नंबर देख लिया। शक होने पर उसने ट्रांजेक्शन को कैंसिल कर उस व्यक्ति को बूथ से बाहर निकाल दिया। इसके बाद वह एटीएम से बाहर निकल कुछ कदम आगे ही बढ़ा था कि उक्त युवक ने धक्का मुक्की कर उसके हाथ से एटीएम कार्ड छीन लिया। उसने धमकी दी कि अगर तुने पुलिस को कॉल किया तो जेल से बाहर आकर जान से मार दूंगा। उसके भागने पर पीड़ति युवक ने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर एटीएम गार्ड और लोगों ने पीछा कर आरोपी को पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

### दो करोड़ की 12.22 लाख अवैध रूप से आयातित सिगरेट जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सीमा शुल्क अधिकारियों ने दो करोड़ रुपये मूल्य की अवैध रूप से आयातित 12.22 लाख विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, दिल्ली सीमा शुल्क निवारक ने जब्ती के बाद 20-21 जनवरी को विदेशी सिगरेट को अवैध रूप आयात/तस्करी और कब्जे में रखने का मामला दर्ज किया। दिल्ली-06 में नयाबांस के कटरा बैरियान इलाके में दो दुकानों और तीन गोदामों पर छापेमारी की गई थी। बयान के अनुसार " ईएसएसई, मोंड, डनहिल, डेविडॉफ, गुडांग गरम, प्लैटिनम सेवन आदि ब्रांड की कुल 12.22 लाख सिगरेट जब्त की गईं। प्रारंभिक जांच में जब्त सिगरेट की कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी है। सही मूल्यांकन किया जा रहा है। सिगरेट के पैकेट पर निर्दिष्ट वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनी नहीं थी। साथ ही सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत उन पर कर अदा नहीं किया गया था।


# यातायात निर्देशिका

## यातायात व्यवस्था - फुल ड्रेस रिहर्सल 23 जनवरी, 2024

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

गणतंत्र दिवस समारोह-2024 के उपलक्ष्य में 23 जनवरी, 2024 को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। रिहर्सल का वही मार्ग होगा जो गणतंत्र दिवस परेड का होगा। परेड रिहर्सल 23.01.2024 को 1030 बजे विजय चौक से प्रारंभ होगी और लाल किले पर समाप्त होगी। मार्ग पर परेड के सुचारु संचालन के लिए विस्तृत यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।




यातायात सलाह के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

https://traffic.delhipolice.gov.in
https://www.facebook.com/dtptraffic
https://twitter.com/dtptraffic
https://www.instagram.com/dtptraffic

### आम जनता के लिए निर्देश

किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर तुरंत अपने नजदीक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचित करें।

15.02.2024 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के ऊपर उप-पारंपरिक एरियल प्लेटफार्म जैसे पैरा-ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट द्वारा चालित एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के संचालित एयरक्राफ्ट, क्वाड कॉप्टर्स उड़ाना या एयरक्राफ्ट आदि से पैरा जम्पिंग करना प्रतिबंधित है।

आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध है कि संयम बनाए रखें और यातायात के नियमों का पालन करें तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखें और सभी चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। आम जनता से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और पर्याप्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली यातायात पुलिस वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हट्सअप नम्बर 8750871493 एवं हेल्पलाइन नम्बर 1095/011-25844444 के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### परेड का मार्ग

विजय चौक ▶ कर्तव्यपथ ▶ 'सी' हेक्सागन ▶ R/A नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा ▶तिलक मार्ग ▶ बहादुर शाह जफर मार्ग ▶ नेताजी सुभाष मार्ग ▶ लाल किला।

### यातायात प्रतिबंध

परेड के सुचारू संचालन के लिए परेड मार्ग से जुड़ी कुछ सड़कों पर यातायात का आवागमन निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगा:

(1) विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर 22.01.2024 को 1800 बजे से परेड की समाप्ति तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

(2) रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर 22.01.2024 को 2300 बजे से परेड की समाप्ति तक कर्तव्यपथ की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी।

(3) 'सी'-हेक्सागन-इंडिया गेट 23.01.2024 को 0915 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार करने तक यातायात के लिए बंद रहेगा।

(4) 23.01.2024 को 1030 बजे से तिलक मार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड के आवागमन के आधार पर ही यातायात को मुड़ने की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी सुविधा के लिए पहले ही अपनी यात्रा की योजना बना लें और 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड मार्ग में जाने से बचें।

### सुझाए गए मार्ग

तथापि, यदि यात्रा करना जरूरी हो तो सड़क उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित मार्गों का उपयोग करें:

**उत्तर-दक्षिण कोरीडोर**

- रिंग रोड – आश्रम चौक – सराय काले खां – आई.पी. फ्लाईओवर – राजघाट – रिंग रोड
- मदरसा से – लोधी रोड 'टी' प्वाइंट – अरबिन्दो मार्ग – एम्स चौक – रिंग रोड – धौला कुआं – वंदे मातरम मार्ग – शंकर रोड – पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग

**पूर्व-पश्चिम कोरीडोर**

- रिंग रोड – भैरों रोड – मथुरा रोड – लोधी रोड – अरबिन्दो मार्ग – एम्स चौक – रिंग रोड – धौला कुआं – वंदे मातरम मार्ग – शंकर रोड – पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग
- रिंग रोड – बुलेवार्ड रोड – बर्फ खाना चौक – रानी झांसी फ्लाईओवर – फैज रोड – वंदे मातरम मार्ग –आर/ए शंकर रोड
- रिंग रोड – आईएसबीटी – चंदगी राम अखाड़ा – आई.पी. कॉलेज – माल रोड – आजादपुर – पंजाबी बाग

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से :** धौला कुआं – वंदे मातरम मार्ग – पंचकुईया रोड – आउटर सर्किल कनाट प्लेस – चेल्मस्फोर्ड रोड पहाड़गंज की तरफ या मिन्टो रोड – भवभूति मार्ग अजमेरी गेट की तरफ।
- **पूर्वी दिल्ली से :** आईएसबीटी ब्रिज होते हुए बुलेवार्ड रोड – रानी झांसी फ्लाईओवर – आर/ए झंडेवालान – डी. बी. गुप्ता रोड – शीला सिनेमा रोड – पहाड़गंज ब्रिज होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से:** रिंग रोड – आश्रम चौक – सराय काले खां – रिंग रोड – राजघाट – रिंग रोड – चौक यमुना बाजार – एस.पी. मुखर्जी मार्ग – छत्ता रेल – कोड़िया पुल होते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

हालांकि, उत्तरी दिल्ली के लोगों के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और संभावित देरी से बचने एवं अपने गंतव्य पर समय पर पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर चलें।

### बस समाप्ति स्थान

सिटी बस सेवाओं का आवागमन निम्नलिखित स्थानों पर समाप्त हो जाएगा।

**1.** पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग **2.** आराम बाग रोड (पहाड़गंज) **3.** आर/ए कमला मार्केट **4.** दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम) **5.** प्रगति मैदान (भैरों रोड) **6.** हनुमान मंदिर (यमुना बाजार) **7.** मोरी गेट **8.** आईएसबीटी कश्मीरी गेट **9.** आईएसबीटी सराय काले खां **10.** तीस हजारी कोर्ट

**अंतर-राज्यीय बसें:-** (I) गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम आने वाले बसें एनएच-24, रिंग रोड होते हुए आयेंगी और भैरों रोड पर समाप्त होंगी। (II) एनएच-24 से आने वाली बसें रोड नं. 56 पर दाई ओर मुडेंगी और आईएसबीटी आनन्द विहार पर समाप्त होंगी। (III) गाजियाबाद की तरफ से आने वाली बसें मोहन नगर पर वजीराबाद पुल के लिए भोपुरा चुंगी की तरफ मोड़ दी जाएंगी। (IV) धौलाकुआं की तरफ से आने वाली सभी अंतर राज्यीय बसें धौलाकुआं में समाप्त होंगी।

### मेट्रो सेवाएं

23 जनवरी, 2024 को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यद्यपि, निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार नीचे वर्णित स्टेशनों पर चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं होगी :

| मेट्रो स्टेशन का नाम | चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं |
|---|---|
| 1. केन्द्रीय सचिवालय<br>2. उद्योग भवन | (23.01.2024 को प्रातः 5.00 बजे से दोपहर 12 बजे तक) |

### एचटीवी/एलजीवी

22.01.2024 को 2300 बजे से परेड समाप्त होने तक **बार्डर** से किसी भी एचटीवी/एलजीवी को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 23.01.2024 को 0730 बजे से 1330 बजे तक रिंग रोड पर आई.एस.बी.टी. सराय काले खां और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट के बीच किसी भी एचटीवी/एलजीवी को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### टीएसआर/टैक्सी

23.01.2024 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर एवं टैक्सी को सीमाबद्ध क्षेत्र में प्रवेश या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी : **मदर टेरेसा क्रीसेंट – बाबा खड़क सिंह मार्ग – अशोका रोड आर/ए पटेल चौक तक – संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक – टॉलस्टॉय मार्ग कस्तुरबा गांधी मार्ग तक – कस्तुरबा गांधी मार्क फिरोजशाह रोड तक – फिरोजशाह रोड आर/ए मंडी हाउस तक – भगवान दास रोड – मथुरा रोड – सुब्रमणियम भारती मार्ग – हुमांयू रोड – ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मार्ग – कमल अतातुर्क मार्ग – कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)**

DP/9627/2024

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google Play या App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547 | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें।

## खबर संक्षेप

### मादीपुर की 4 सड़कों का होगा जीर्णोद्धार, मंत्री आतिशी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिल्ली की सड़कों को सुंदर,सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रही है। इस बाबत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी ने रविवार को पश्चिमी रोड डिवीजन के तहत मादीपुर विधानसभा के कुछ प्रमुख सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के परियोजना को मंजूरी दी। इन सड़कों में मेट्रो पिलर 109 से 273 तक रोहतक रोड (एनएच-10) सर्विस लेन, रोड नंबर 41, 77 और पश्चिम पुरी चौक से मुल्तान नगर में न्यू स्लम क्वार्टर तक की रोड शामिल हैं। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से मादीपुर विधानसभा में सड़कों की स्थिति बेहतर होगी, जिससे वे अधिक टिकाऊ बनेंगे। इसके अलावा सौंदर्यीकरण के साथ ये क्षेत्र की खूबसूरती को बढ़ाएंगे।

### गठबंधन में चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : लवली

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को कहा कि हम आप पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने जा रहे है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस हाईकमान के दिशा निर्देशानुसार गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। कितनी सीट पर लड़ेगी यह हाईकमान ही तय करेगा, जो प्रदेश को स्वीकार होगा। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि यह सही है कि गठबंधन में लड़ेंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम केवल कांग्रेस उम्मीदवारों वाली सीटों पर ही तैयारी करेंगे। लवली ने कहा कि गठबंधन में सहयोगी पार्टी को जिताने की जिम्मेदारी भी होती है, जिसके लिए हम तैयारी कर रहे है। लवली ने कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस चाहे कितनी सीटों पर लड़े, लेकिन पार्टी सभी सातों सीटों पर लड़ने की पूरी तैयारी करेगी।

### फिर गिरा 4 डिग्री तक न्यूनतम पारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर रविवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है, जो इस मौसम के सामान्य से तीन डिग्री नीचे है। वहीं अधिकतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो, इस मौसम के सामान्य से 5 डिग्री कम है। जबकि दिन में चली शीतलहर ने शरीर में गलन पैदा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मौसम विभाग ने रविवार को कोल्ड डे के रूप में दर्ज किया और सोमवार को भी कोल्ड डे रहने की प्रबल संभावना जताई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार के बाद कुछ राहत मिल सकती है।

### केन्द्र सरकार की योजनाओं की कैम्प में दी जानकारी

नई दिल्ली। सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दक्षिणी दिल्ली लोक सभा क्षेत्र के तुगलकाबाद वार्ड स्थित गोला कुआं कैंप ओखला फेस-1 में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कैम्प आयोजित हुए। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना कैम्प, स्वास्थ्य जांच कैम्प, पोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट वितरित कैम्प, मुद्रा योजना कैम्प, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कामगारों को निशुल्क औजार व काम करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाने सहित उज्जवला योजना कैम्प आयोजित किए गए। इस दौरान समाधान अभियान एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सशक्त बचपन सशक्त देश परियोजना के अंतर्गत, समाधान अभियान की अर्चना अग्निहोत्री द्वारा अभिभावकों के लिए बाल यौन शोषण से बचाव एवं पोक्सो एक्ट की जागरूकता की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के माध्यम से और कार्यशाला द्वारा अभिभावकों को बच्चों के साथ होने वाले बाल यौन शोषण से सुरक्षित रखने के तरीकों से अवगत कराया गया।

## दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित रामलीला देखने पहुंचे मुख्यमंत्री

# रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर हम दिल्ली में चला रहे सरकार: केजरीवाल

### हमारी कोशिश है कि दिल्ली में कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले और हर नागरिक को मिले सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर हम दिल्ली के अंदर अपनी सरकार चला रहे हैं। हमारी कोशिश है कि दिल्ली में कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन और हर नागरिक को सुरक्षा, हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली व पीने का पानी और सम्मान मिले। यह बातें रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्यारे लाल भवन में दिल्ली सरकार आयोजित रामलीला में अपने संबोधन में कही। सीएम केजरीवाल ने कहा कि बेघर लोगों के लिए नाइट सेल्टर बनाए हैं, जहां वो रह भी सकते हैं और खाना भी मुफ्त मिलता है। हमने ठाना है कि दिल्ली में गरीब हो या अमीर सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए और अब दिल्ली में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है। हमने ठाना है कि हर व्यक्ति को अच्छा और मुफ्त इलाज मिलना चाहिए। चाहे वो गरीब हो या अमीर हो। हमने ठाना है कि हर व्यक्ति 24 घंटे बिजली मुहैया होनी चाहिए। दिल्ली में आज 24 घंटे बिजली आती है और फ्री बिजली मिलती है। हर व्यक्ति को पीने का साफ पानी मिलना चाहिए। हमारी सरकार दिल्ली के कोने- कोने में पानी पहुंचाने की कोशिश कर रही है। हमारी सरकार दिल्ली में पानी भी मुफ्त दे रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है। बहुत सारे लोग चाहकर भी सोमवार को अयोध्या नहीं जा पाएंगे। मुझे बेहद खुशी है कि दिल्ली के लोगों के लिए दिल्ली सरकार ने भव्य रामलीला का आयोजन किया है। दिल्ली सरकार द्वारा आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में आयोजित रामलीला का मंचन देने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुंदरकांड पाठ भी किया। रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे किदवई नगर स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यहां पहुंच कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने भगवान हनुमान की प्रार्थना की और सुंदरकांड पाठ किया।

### सीएम ने की भगवान श्रीराम, सीता मैया व लक्ष्मण की आरती

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्लीवासियों के साथ बैठकर भव्य रामलीला का मंचन देखा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की और भगवान श्रीराम, सीता मैया व लक्ष्मण की आरती कर देश व दिल्ली की समृद्धि, शांति और विकास के लिए प्रार्थना की। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पौधा और अंग वस्त्र भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान दिल्ली सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री और विधायकों ने भी भव्य रामलीला मंचन का आनंद लिया।

### 'हमारी सरकार बुजुर्गों को करवाती है फ्री तीर्थ यात्रा'

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वो जिंदगी में एक बार तीर्थ स्थान घूम कर आउं। अलग-अलग कारणों से कई लोग नहीं जा पाते हैं, इसलिए हमारी सरकार दिल्ली के बुजुर्गों को फ्री तीर्थयात्रा करवाती है। महिलाओं समेत सभी नागरिक राज्य के अंदर खुद को सुरक्षित महसूस करें, इसके लिए हम लोगों ने कई बड़े कदम उठाए हैं। हमारी सरकार सबको सुरक्षा प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रही है। कोई अमीर हो, गरीब हो या किसी भी जाति-धर्म का हो, उसे बराबरी का हक मिलना, सम्मान मिलना चाहिए और सभी खुशी पूर्वक प्यार-मोहब्बत से रहें, ऐसा हमारा प्रयास है।

### हमें भी श्रीराम की तरह माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए : मुख्यमंत्री

सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम भगवान श्रीराम की भक्ति करते हैं तो हमें भी अपने जीवन के अंदर यह धारण करना पड़ेगा कि हमें अपने मां-बाप के आदेश का पालन करना चाहिए, सच बोलना चाहिए, मर्यादा का पालन करना चाहिए। भगवान राम अयोध्या के शासक थे। उन्होंने जो शासन दिया, उसे पृथ्वी पर एक आदर्श शासन माना जाता है कि अगर शासन हो तो ऐसा हो। सीएम ने रामलीला देखने आए सभी लोगों से अपील की है कि यहां से हम सभी लोग यह संकल्प लेकर जाएं कि भगवान श्रीराम के जीवन, संदेशों और शब्दों से प्रेरणा लेंगे और ज्यादा से ज्यादा उसे अपने जीवन में उतारने की कोशिश करेंगे।

### एलईडी पर लोगों ने देखी रामलीला

दिल्ली सरकार द्वारा आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजन का दूसरा दिन रहा। दूसरे दिन भी रामलीला का लाइव मंचन देने के लिए रामभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा हाल लोगों की भी भर गया। लोगों को भारी भीड़ देखकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों से पूरा ऑडिटोरियम खचा-खच भरा हुआ है और बाहर भी बहुत सारे लोग हैं जो बाहर लगे एलईडी स्क्रीन पर रामलीला मंचन देख रहे हैं।

### राममय हुई दिल्ली, प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर जगह-जगह निकाली श्रीराम यात्राएं

नई दिल्ली। अयोध्या में सोमवार 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही रविवार को दिल्ली राम के रंग में रंगे हुए राममय हो गई। राजधानी में जगह जगह विशाल श्री राम शोभा यात्राएं निकाली गइर, भंडारे बांटे गए। अधिकांश छोटे बड़े मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी, झालर, फूलों से सजाया गया। मंदिरों में अखंड रामायण, सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ सहित भजन कीर्तन हुए। जबकि कई जगह रात भर जागरण आदि के आयोजन हुए। दिल्ली की लगभग सभी छोटी बड़ी मार्केट, मकानों पर , गली मोहल्लों, धार्मिक स्थलों, रेहड़ी पटरी पर चारों तरफ श्री राम ही राम नजर आए। लोगों ने अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार श्री राम के झंडे, झंडी, पोस्टर, बैनर आदि अपने घरों व संस्थानों पर लगाए है। सड़कों पर दौड़ रही बस, ट्रक, कार, ऑटो, रिक्शा, दोपहिया वाहनों पर श्री राम नाम के झंडे लहराते दिखाई दिए। दिल्ली के प्रसिद्ध श्री कालका जी मंदिर, झंडेवाला मंदिर, प्रीत विहार मंदिर, बिरला मंदिर, छत्तरपुर मंदिर, ऊषा माता मंदिर, मरघट वाले हनुमान जी मंदिर, कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर आदि में 22 जनवरी के आयोजनों को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम दौर में थी। लोगों को अब सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार था। अनेक धार्मिक संगठनों ने इस मौके पर लोगों को निशुल्क झंडे, मिट्टी के दिये, श्री राम नाम के बैज, पटके, टोपी, अंग वस्त्र आदि बांटे। लोग खुश है और इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। बाजारों में मिट्टी के दीये, झंडे आदि बेचने वालों की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। मुख्य सड़कों चौराहों पर भारी संख्या में झंड़े बेचने वालों की संख्या कई गुणा बढ़ गई।

## मंदिरों के आसपास सात हजार जवान रहेगें तैनात

- ड्रोन के जरिए संवेदनशील इलाकों में रखी जा रही नजर
- प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना
- सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त करने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान सोमवार को दिल्ली में भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। कई जगह शोभा यात्राएं भी निकाली जाएगी। इस खास दिन को लेकर पुलिस ने भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेगें। वहीं संवेदनशील एरिया में सीनियर पुलिस अफसर खुद पेट्रोलिंग करेगें और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखेंगे।

प्रमुख मंदिर कालकाजी मंदिर, झंडेवालान मंदिर, छतरपुर मंदिर, बिडला मंदिर, इस्कॉन मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा काफी अहम हो जाती है। इसी का ध्यान में रखते हुये दिल्ली पुलिस ने मंदिरों के आसपास सात हजार जवान तैनात करने का निर्णय लिया है। लोकल पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल के जवानों के तैनात होने की बात दिल्ली पुलिस द्वारा कहीं गई है। वहीं मंदिरों में लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। पुलिस की विशेष नजर संवदेनशील इलाकों जैसे भजनपुरा, जगतपुरी, खजूरी खास, जाफराबाद, जहांगीरपुरी, सीलमपुर, चांदबाग, मुस्तफाबाद, शिव विहार, शाहीन बाग, जामिया नगर और मौजपुर आदि इलाकों में रहेगी। जहांगीरपुरी इलाके में शोभा यात्रा निकाले जाने के दौरान भड़की हिंसा से सबक लेते हुये इन एरिया में ड्रोन के जरिए भी पुलिस नजर रखेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें।

## एनडीएमसी ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर अपने प्रमुख स्थानों को फूलों के बोर्डों से सजाया



नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन के शुभ अवसर पर नई दिल्ली के प्रमुख स्थानों को मनोरम फूलों के बोर्ड से सजाया है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम जन्मभूमि पर अभिषेक 500 वर्षों के बाद एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने भगवान श्रीराम को हिंदू धर्म का प्रतीक और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए पुरुषोत्तम के सार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस पहल में एनडीएमसी की उत्साही भागीदारी के तहत खान मार्केट, बीकेएस मार्ग, सी.पी., कनॉट प्लेस; मंडी हाउस चौराहा; पी.एम. हाउस राउंडअबाउट, मालचा मार्ग बाज़ार, यशवन्त प्लेस मार्केट, दिल्ली हाट, बिड़ला मंदिर, और 11 मूर्ति सहित नई दिल्लीभर के 10 प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फूलों के बोर्डों से सजाया है। उपाध्याय ने कर्मचारियों से इस विशेष पहल का हिस्सा बनने के लिए अपनी सराहना व्यक्त की और ऐसे महत्वपूर्ण दिन पर योगदान देने में खुद को धन्य महसूस किया। उपाध्याय ने कर्मचारियों को सामूहिक और उत्साही प्रयास को बढ़ावा देते हुए फूलों के बोर्ड बनाते समय श्री राम के नारे लगाए और सबको प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस शुभ अवसर पर एनडीएमसी का मुख्यालय भी रोशनी से जगमगा रहा है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए कई कार्यक्रमों में सांसद हुए शामिल



सांसद रमेश बिधूड़ी अयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के प्राचीन शिव मन्दिर गांव तुगलकाबाद, कालका जी मन्दिर, संगम विहार और अस्थल मन्दिर गांव फतेहपुर बेरी, प्राचीन शिव मन्दिर एम.बी रोड़ पुल प्रहलादपुर, मन्दिर प्रांगण गांव तेखण्ड, दक्षिणपुरी, राजापुरी, श्री विश्वकर्मा मन्दिर, महरौली में आयोजित कलश यात्रा, हवन, भजन कीर्तन समारोह में शामिल हुए जहां उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया।

## आज पूरी दिल्ली में शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन करेगी 'आप'

नई दिल्ली



- 'आप' के सभी मंत्री, विधायक, पार्षद और कार्यकर्ता जगह-जगह हो रहे भंडारे, शोभायात्रा आरती में हिस्सा लेकर लोगों की करेंगे सेवा

अयोध्या में आज 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर दिल्ली को राममयी बनाने की तैयारी आम आदमी पार्टी ने पूरी कर ली है। इसके लिए 22 जनवरी को सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड, शोभायात्रा, आरती, प्रसाद वितरण समेत कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। इस बात की जानकारी रविवार को प्रैसवार्ता में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने दी। पांडे ने बताया कि जहां पूरा देश भगवान राम के स्वागत की तैयारी कर रहा है। वहीं, इसमें दिल्ली वाले भी पीछे नहीं है। जहां एक तरफ दिल्ली में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। वहीं, 22 जनवरी को पार्टी के सभी मंत्री, विधायक, पार्षद, नेता, कार्यकर्ता भगवान राम के स्वागत में किए जा रहे भंडारे, प्रसाद वितरण, शोभायात्रा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिल्ली में पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान राम मानवता के आदर्श हैं, जिनसे पूरा देश मनुष्यता की प्रेरणा लेता है। ऐसे रघुकुल में जन्मे भगवान श्रीराम के आगमन में पूरा देश राममय हुआ पड़ा है। पूरा देश कतारबद्ध हाथ जोड़कर भगवान श्री राम का स्वागत कर रहा है। वहीं, इस पुण्य प्रदायनी प्रक्रिया में दिल्ली वाले भी पीछे नहीं है। पांडे ने कहा कि दिल्ली भी भगवान राम के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। जहां एक तरफ दिल्ली की सभी विधानसभाओं में विगत मंगलवार को संकट मोचन बजरंग बली की आराधना के लिए सुंदरकांड का पाठ कराया गया। वहीं, मंगलवार को जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है उस दौरान दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में अलग-अलग आयोजन किए जा रहे हैं। इस सुखद और सौभाग्यशाली अवसर पर दिल्ली की 70 विधानसभाओं में से 44 में कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। करीब 7 जगहों पर भगवान राम के आगमन पर शोभायात्रा निकाली जा रही है। वहीं, 3 विधानसभाओं में फिर से सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। वहीं, 16-17 विधानसभाओं में आरती के बाद फल प्रसाद के वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। यानी पूरी दिल्ली में सभी 70 विधानसभाओं में कई जगहों पर आरती, सुंदरकांड, शोभायात्रा, फल प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। दिलीप पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रेरणा और निर्देश से दिल्ली में देश की सबसे अच्छी रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 20 जनवरी से हुई है और जो 22 जनवरी तक चलेगी।

## एम्स ने 22 जनवरी को अपराह्न ढाई बजे तक अस्पताल बंद रखने का फैसला लिया वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं अपराह्न 2:30 बजे तक बंद रखने के अपने फैसले को वापस ले लिया है। अब ओपीडी खुली रहेगी। एम्स ने एक नये कार्यालय ज्ञापन में बताया कि अस्पताल की ओपीडी निर्धारित तिथि पर अस्पताल आने वाले मरीजों की देखभाल के लिए खुली रहेगी ताकि उन्हें किसी भी तरह की असुविधा न हो और चिकित्सकों की सुविधा मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि सभी जरूरी नैदानिक देखभाल सेवाएं भी चालू रहेंगी।

दिल्ली स्थित एम्स द्वारा पूर्व में जारी एक आधिकारिक ज्ञापन में कहा गया था कि सरकार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। अस्पताल ने हालांकि यह भी कहा था कि महत्वपूर्ण और आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को आयोजित होगा।

## दिल्ली भाजपा ने की 2000 से अधिक स्थानों पर स्क्रीन और टीवी की व्यवस्था : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर भर में बूथ स्तर पर 2000 से अधिक मंदिरों पर स्क्रीन और टीवी लगाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सामूहिक दर्शन की व्यवस्था की है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में भगवान राम की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा देखने की पूरा देश तैयारी कर रहा है और इसी श्रृंखला में दिल्ली भाजपा कार्यालय रविवार को बिजली की रोशनी एवं फूलों से सजाया गया है। सभी जिला कार्यालय भी सजाये गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि वरिष्ठ केंद्रीय और दिल्ली भाजपा नेता दिल्ली के विभिन्न मंदिरों आदि में प्राण प्रतिष्ठा के सामुदायिक दर्शन में शामिल होंगे। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा के कई पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और पार्षदों ने अपने कार्यालयों में सामुदायिक समारोह आयोजित करने और लड्डू बांटने की तैयारी की है। प्रदेश कार्यालय में विशेष स्क्रीन लगाई जा रही है, जहां सभी कर्मचारी और उनके परिवार बैठकर समारोह देखेंगे।

### सामान्य और सुबह की पाली में चलने वाले सभी स्कूल आज रहेंगे बंद

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के सामान्य और सुबह की पाली में चलने वाले सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त सभी स्कूल आज बंद रहेंगे। इस बाबत दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के निदेशक भूपेश चौधरी ने रविवार को एक सकुर्लर जारी कर दिया है। शिक्षा निदेशक भूपेश चौधरी ने जारी अपने सकुर्लर में कहा कि दिल्ली सरकार के सेवा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अयोध्या में आयोजित होने वाले राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में कर्मचारियों को भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए आज दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों को दोपहर तक बंद की घोषणा की गई है। इसी आदेश के अनुसार दिल्ली सरकार ने सामान्य और सुबह की पाली में चलने वाले दिल्ली के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को आज सोमवार को बंद रखने का आदेश दिया है। हालांकि शाम की पाली में चलने वाले सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। और शाम को 5 बजकर 30 मिनट तक चलेंगे।

## खबर संक्षेप

### सैन समाज ने पदयात्रा निकाल दीपक जलाए

**फरीदाबाद।** अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर बादशाह खान चौक पर सैन समाज द्वारा एक पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन समाज फरीदाबाद के सदस्य सोमवीर सैन ने की। इस मौके पर समाज फरीदाबाद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बादशाह खान चौक से नीलम चौक तक पदयात्रा निकाली और जयश्रीराम का जयघोष किया।



### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** मॉडल आर्य पब्लिक स्कूल में सोतोकान कराटे ट्रेनिंग सेंटर द्वारा जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजक मास्टर नितेश कुमार ने बताया कि डेढ़ सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य तकनीकी निदेशक इंटरनेशनल कराटे मास्टर गंगेश तिवारी एवं एक्टर डॉ. विंध्या गुप्ता ने किया। वरिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा के अंगद चौरसिया मौजूद रहे।



### सर्दी से निजात दिलाने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**गुरुग्राम।** कड़ाके की सर्दी से निजात दिलाने के लिए भाजपा दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ नेता व व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आरडी मलिक ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे। मलिक समाज कल्याण कार्यों में जुटे हैं। रामलला के पावन कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने पूरी दिल्ली में दस रथों के माध्यम से लोगों को जानकारी दे रहे हैं।



### झांसा देकर डेबिट कार्ड बदलने वाला धराया

**गुरुग्राम।** खेड़की दौला थाना एरिया के एटीएम से रुपए निकालने पहुंचे युवक का डेबिट कार्ड बदलते जालसाज को बैंक में मौजूद अधिकारी ने काबू कर लिया। जालसाज की हरकत सीसीटीवी में कैद होने पर उसे धरा गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। वीरपाल पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से रुपए निकालने गया था। इसी दौरान एक युवक उसे बातों को उलझा कर डेबिट कार्ड बदल दिया।



### अंतराष्ट्रीय सेवा बंद करने के नाम पर ठगे 13 हजार

**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में जालसाज ने क्रेडिट कार्ड से अंतराष्ट्रीय सेवा बंद करने के नाम पर लिंक भेजकर 13 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बृजेश न बताया कि 20 जनवरी को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। कहा कि क्रेडिट कार्ड पर अंतराष्ट्रीय सेवा जारी रखने के लिए ढाई हजार रुपए का चार्ज लगेगा। बृजेश ने सेवा को बंद करने के लिए कहा।



### दोस्त ने चाकू मारकर युवक को घायल किया

**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड कॉलोनी में जन्मदिन पार्टी मनाकर घर लौटे रहे युवक ने अपने दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने उसे अपनी कार से घर छोड़ने से मना कर दिया था। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूरजकुंड थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पिता वीरेंद्र ने बताया कि राहुल के मोबाइल पर मोहित का फोन आया, शशि उर्फ गोला की जन्मदिन पार्टी है आ जाओ।



# विधायक नागर ने आज भगवान राम का पूजन व दीये जलाने की अपील की

**भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष, हमें मर्यादा ऊंचा पाठ पढ़ाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने इस्माइलपुर क्षेत्र में आयोजित एक रैली में भागीदारी की जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इसका आयोजन 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाली रामलला प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में की गई थी। जिसका संयोजन शीशराम अवाना ने किया।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि श्रीराम हमारे भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। हम उनके दिखाए मार्ग को मानते हैं। भगवान श्री राम ने मर्यादा का ऊंचा पाठ हमें पढ़ाया जिसे हम भारतीय अपना आधार मानते हैं। इसी वजह से भारत पूरी दुनिया का सिरमौर है। हमारे ग्रंथ इस बात की गवाही देते हैं कि भारतीय संस्कृति कितनी महान है और हजारों हजार आक्रमणों के बावजूद हम अपने धर्म से डिगे नहीं हैं।

> विधायक राजेश नागर ने कहा कि श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। हम उनके दिखाए मार्ग को मानते हैं। भगवान श्रीराम ने मर्यादा का ऊंचा पाठ हमें पढ़ाया जिसे हम भारतीय अपना आधार मानते हैं।



## विहिप ने हिन्दू समाज संगठनों के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास, अयोध्या द्वारा विश्व हिन्दू परिषद एवं समस्त हिन्दू समाज लघु उद्योग भारती द्वारा जनसहयोग वेलफेयर एसोसिएशन 2 के ब्लाक पार्क में वाहन शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभयात्रा में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया, जहां-जहां यह शोभा यात्रा निकाली, जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं से इसका स्वागत किया और जय श्री राम के गगनचुंबी नारों से माहौल को राममय कर दिया। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद मनोज नासवा ने कहा कि अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और यह दिन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।



## भगवान श्री राम के गर्भगृह में विराजमान होने के शुभ अवसर तैयारियां

# 5100 दीप, एलईडी, रंग बिरंगी रोशनी, झंडे, व भव्य सजावट से शहर में दिवाली जैसा माहौल

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर गाजियाबाद शहर व मंदिर को सजाने का प्रयास पूरी शिद्दत के साथ की जा रही है। मुख्य मार्गों तथा चौराहों और पार्कों को रंग बिरंगी चुन्नट व रोशनियों से सजाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर प्रशासन भी 22जनवरी के दिन को ऐतिहासिक बनाने में लगा है। सोमवार को 5100 दीप, एलईडी, रंग बिरंगी लाइट, झंडे, व भव्य सजावट की व्यवस्था से शहर में दिवाली का माहौल रहेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि कालका गाड़ी चौराहे से हापुड़ रोड होते हुए मुख्य मार्ग, नेहरू नगर होली चाइल्ड होते हुए मुख्य मार्ग, निगम के सभी कार्यालय प्रांगण, शहर के प्रमुख मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। नगर निगम के सभी विभाग के अधिकारी व्यवस्था में लगे हुए हैं। निर्माण, उद्यान, स्वास्थ्य, प्रकाश, जलकल विभाग मुख्य रूप से शहर को मंदिर से सजाने में लगे हुए हैं।

> 26 जनवरी को देखते हुए कई सड़कों पर तिरंगा लाइटिंग की गई है

> विशाल सांस्कृतिक संध्या व दीपोत्सव कार्यक्रम





### दूधेश्वर नाथ मंदिर व मुख्य धार्मिक स्थलों पर झंडे लगे

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर गाजियाबाद शहर व मंदिरों को सजाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य मार्गों तथा चौराहों को रंग बिरंगी चुन्नट से सजाया गया है। मुख्य मंदिर पर शहीद स्थलों पर रंग बिरंगी लाइट लगवाई गई है क्योंकि 26 जनवरी भी आने वाली है, उसको देखते हुए कई मार्गों पर तिरंगा लाइटिंग की गई है। दूधेश्वर नाथ मंदिर व अन्य मुख्य धार्मिक स्थलों पर झंडे भी लगाए गए हैं, सीधा प्रसारण अयोध्या का शहरवासियों को देखने के लिए मिले इसके लिए 10 एलईडी की व्यवस्था भी कराई गई है। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर 5100 दीपों से उत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था भी की गई है। अयोध्या धाम मंदिर की प्रतिमा भी बनाई गई है। फूलमाला की व्यवस्था भी सजावट में की गई है।

## गुरुग्राम के नक्शे से मिटेगा चिंटल्स सोसाइटी



# बिल्डर ने सोसाइटी के 9 टावरों को तोड़ने की योजना बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में चिंटल्स बिल्डर की ओर से सेक्टर-109 चिंटल्स पैराडाइसो सोसाइटी के सभी नौ टावरों को तोड़ने की योजना बनाई गई है। नौ में से छह टावर असुरक्षित होने के बाद अब तीन टावर रह गए हैं। इनकी भी सीबीआरआई की ओर से ऑडिट की जा रही है। वहीं सोसाइटी के ए, बी, सी टावर के लोग भी इन्हें अपने रहने के लिहाज से सुरक्षित नहीं मान रहे हैं।

### लोगों ने बिल्डर से बाहर रहने का किराया मांगा

असुरक्षित घोषित होने के बाद टावर खाली करने के आदेश जारी कर दिया गया है। इसको लेकर लोगों ने बिल्डर से बाहर रहने का किराया मांगा है। लोगों का कहना है कि आए दिन प्लास्टर गिरता रहता है। इससे कोई बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है। ऐसे में बिल्डर की ओर से किराया दिया जाए। सभी चाहते हैं कि बिल्डर पैसा रिफंड करने को तैयार होता है तो मार्केट की दर से फ्लैट की कीमत दी जाए।

### बिल्डर को प्रशासन से अनुमति का इंतजार

चिंटल इंडिया प्रा.लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएन यादव ने कहा कि डी, ई, एफ जी, एच, जे टावर असुरक्षित घोषित हो चुके हैं। 3 टावर ए,बी, सी बचे हैं। यहां के लोग भी किराया और पैसा रिफंड चाहते हैं। ऐसे में सभी नौ टावरों को एक साथ तोड़ा जाएगा। इसकी योजना बनाई गई है। टावर तोड़ने वाली एजेंसी को कुछ दिन रुकने को कहा गया था, ताकि अन्य टावरों की स्थिति साफ हो सके।



## चंडीगढ़ में कपड़े त्यागने के बाद फरीदाबाद में विधायक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधानसभा सत्र में एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा को नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए सरकार से लगभग 28 करोड़ रुपए की मांग की थी।

जिस पर सदन में सरकार ने आश्वासन दिया था कि एक माह के अंदर यह पैसे अलॉट कर दिए जाएंगे लेकिन एक माह पूर्ण होने बाद भी जब फाइल सीएम कार्यालय से नहीं निकली तो विधायक नीरज शर्मा ने 17 जनवरी को चंडीगढ़ में अपने कपड़े त्यागने का काम किया। विधायक नीरज शर्मा चंडीगढ़ से सीधा अयोध्या के लिए रवाना हो गए और आज अयोध्या से सीधा जब फरीदाबाद पहुंचे तो एनआईटी विधानसभा के हजारों लोगों द्वारा 17 नंबर चुंगी डबुआ-पाली रोड पर जोरदार स्वागत किया गया और उनको ढोल नगाड़ों के साथ डबुआ कॉलोनी से होते हुए 60 फीट रोड होते हुए उनके निवास स्थान पहुंचे।

पूर्व वरिष्ठ उप महापौर मुकेश शर्मा ने बताया कि हमारा परिवार सदैव एनआईटी विधानसभा के लिए कार्य करता आया है।

# ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत 3 डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज

## साढ़े तीन घंटे तक चला था ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की ज्यादा मात्रा देने से एक वृद्धा की मौत हो गई। महिला को कूल्हे की हड्डी के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस ने तीन डॉक्टरों सहित अन्य के खिलाफ इलाज में लापरवाही से मौत के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

संजय कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह यहां परिवार के साथ रहते हैं। 20 अगस्त 2023 को उनकी मां दयावती 66 वर्षीय नहाने के दौरान बाथरूम में फिसल गई। घटना में उनके पैर में चोट आ गई। परिजनों ने उन्हें सेक्टर-55 सामुदायिक भवन के पास स्थित ऑर्थो वन अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां मौजूद डॉक्टर पंकज तुली ने कहा माता जी के कूल्हे में फ्रैक्चर है ऑपरेशन करना पड़ेगा। विजय ने ऑपरेशन के लिए हां कर दी। 22 जनवरी को डॉ. पंकज तुली, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. गायत्री व अन्य ने उनकी मां का ऑपरेशन शुरू किया। दो घंटे के ऑपरेशन में डॉक्टरों ने साढ़े तीन घंटे लग गए।




### एनेस्थीसिया का ओवरडोज बताया गया

इसके बाद डॉ. पंकज तुली ने विजय को ऑपरेशन थियेटर में बुलाया और कहा माताजी की हालत खराब होती जा रही है। विजय ने देखा ऑपरेशन थियेटर में चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। विजय का दावा है कि मां की एसी हालत का कारण पूछने पर डॉ. तुली ने कहा गलती से एनेस्थीसिया की ओवरडोज हो गई। इस कारण ब्लड प्रेशर कम हो गया है। हम इन्हें ठीक कर देंगे। कुछ देर बाद ही माता का देहांत हो गया। पीड़ित ने तुरंत मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और चिकित्सा अधिकारियों की राय के बाद तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के नेता ने गंगाजल से इस्कॉन मंदिर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपीएस त्यागी ने राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर की गंगाजल से सफाई की। यह कदम उन्होंने स्थानीय सांसद व केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री रिटायर्ड जनरल वीके सिंह द्वारा इस्कॉन की विधि का पालन किए बिना शुक्रवार को इस्कॉन मंदिर की सफाई करने से आक्रोशित होकर उठाया है।

डॉ. त्यागी ने वीके सिंह से सवाल किया कि भाजपा की एक सांसद ने पिछले दिनों इस्कॉन को गाय कटवाने वाली संस्था बताया था। अब इस्कॉन मंदिर की सफाई कर वीके सिंह जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं? वह भी इस्कॉन विधि का उल्लंघन करके। डॉ. त्यागी ने इस्कॉन के सदस्यता छोड़ने के सवाल पर कहा कि अपने गुरु के निर्देश के बाद उन्होंने अपना निर्णय वापस लिया है। इस्कॉन में कोई भी कार्य से पहले महामंत्र का जाप किया जाता है जो उन्होंने नहीं किया। एक तरह से उन्होंने इस्कॉन विधि का घोर अपमान किया है। उन्हें इसके लिए इस्कॉन और जनता से माफी मांगनी चाहिए।

बीपी त्यागी ने कहा कि अहम बात तो यह है कि सांसद 10 साल में पहली बार इस्कॉन मंदिर में सफ़ाई करने का नाटक करते हैं।

# कर अधिवक्ता के दफ्तर से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, 24 लाख 77 हजार बरामद


## वॉचमैन का काम करता था, पैसे देखकर लालच आ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कविनगर पुलिस ने करअधिवक्ता आलोक कुमार के दफ्तर से लाखों की चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस वारदात को अंजाम देने में उनका नौकर भी शामिल था। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराए गए 24 लाख 77 हजार रुपए भी बरामद किए हैं।

पुलिस उपायुक्त (नगर) कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि राकेश कुमार ने अज्ञात व्यक्ति उनके दफ्तर का ताला खोलकर ऑफिस में रखा कैश व कैमरे की हार्ड डिस्क (डीवीआर) चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कविनगर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर थाना कविनगर पर तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

घटना के अनावरण के लिए टीमें गठित की गई। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों व लोकल इनपुट की मदद से चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कविनगर पुलिस ने सौरभ सोलंकी (बुलंदशहर) व सोहित (गौतमबुद्धनगर) को आरडीसी कट नया रेलवे स्टेशन गाजियाबाद के सामने से चोरी के 24 लाख 77 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया।



अभियुक्त सोलंकी ने बताया कि मैं राकेश कुमार के ऑफिस पर वाचमैन का कार्य करता था। मुझे पहले से पता था कि ऑफिस में काफी कैश रहता है। पैसों को देखकर मेरे मन में लालच आ गया मैंने 19 जनवरी की रात्रि को राकेश कुमार के ऑफिस का ताला खोलकर ऑफिस में रखा कैश व कैमरे का डीवीआर चोरी किया था। आज जब मौका देखकर अपने साथी सोहित के साथ रुपए लेकर जा रहा था तो पकड़ा गया।

## लोगों की सेहत से खिलवाड़

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने नकली पतंजलि देशी घी व अन्य खाद्य सामग्री पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद ने बल्लभगढ़ शहर में अग्रसेन चौक के नजदीक सीही रोड पर गोपाल किराना स्टोर में नकली देशी घी व अन्य खाद्य सामग्री बेची जाती हैं। जिससे आमजन की सेहत खराब हो रही है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ अचानक चेकिंग की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता के डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में उप निरीक्षक सतबीर सिंह व राजेंद्र कुमार, सिपाही राजीव ने गोपाल किराना स्टोर का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौरव सिंगला मिला, जिसने बताया कि इस दुकान का वह प्रोपराइटर है। उक्त दुकान में मिल्क फूड व पंतजलि कंपनी के नाम के देशी घी के डिब्बे मिले, जो ठीक पाया गया, लेकिन पंताजलि मार्का का देशी घी प्रथम दृष्टता नकली प्रतीत हुआ। लेकिन शक के आधार पर कार्यवाही के दौरान डॉ. सचिन द्वारा मिल्क फूड व पंतजलि देशी घी के डिब्बों का सेंपल लिया गया।



### अन्य कंपनी के सामानों पर भी शक

दुकान में रखें 154 पतंजलि देशी घी के डिब्बे प्रत्येक में एक लीटर पूर्णत नकली है और पंतजलि आयुर्वेद लि. द्वारा निर्मित नहीं है। निरीक्षण के दौरान दुकान में नस्ले की नेस्कैफे मार्का की कॉफी के पैकेट, पाउच प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत हुए। जिनका असल पैकेट से मिलान किया गया व दिल्ली कंपनी से जानकारी प्राप्त की। कंपनी द्वारा नेस्कैफे कॉफी के पाउच को नकली पैकिंग का शक जताया गया है। कंपनी ने हाई कोर्ट दिल्ली से एक अधिकारी नियुक्त करवाया है ताकि कंपनी के प्रोडक्ट की असल पहचान कर सके।




श्रीराम मंदिर के मुख्य द्वार और उसके पास की दीवारों को फूलों के हारों और ऊं से सजाया गया है।

# राममय हुई अयोध्या

आज अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निर्मित भव्य, नव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या सहित पूरा भारत राममय है। अयोध्या सजधज कर अपने प्रभु श्रीराम के भव्य स्वागत के लिए तैयार है।



सेल्फी विद प्रभु श्रीराम: सीएम योगी आदित्यनाथ श्रीराम की प्रतिकृति के साथ मोबाइल से सेल्फी लेते हुए।



रामपथ पर फूलों से सजी हुई हाथियों की प्रतिकृतियां।



रामपथ पर लोकनृत्य प्रस्तुत करती नृत्य मंडली।



शाम को सरयू नदी की आरती करते श्रद्धालु।



आस्था की डुबकी: सरयू नदी पर स्नान करते श्रद्धालु, पीछे सजी-धजी नावें।




रामपथ पर प्रभु श्रीराम के बड़े-बड़े कटआउट्स लगाए गए हैं।




सुस्वागतम: रामभक्तों के लिए स्वागत द्वार।



प्रभु श्रीरामलला के दर्शनों की आस लिए आए संत रामपथ मार्ग पर।

## बाबा रामदेव बोले, प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश को मिलेगी सांस्कृतिक स्वतंत्रता



एजेंसी ⏭ अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आए संतों ने रविवार को राम की पैड़ी पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन से लेकर देश के साधु संतों के योगदान और राजनीति पर संतों ने बात की।

योगगुरु रामदेव ने वार्ता की शुरुआत करते हुए कहा कि वर्ष 1947 में देश को राजनीतिक आजादी मिली थी, लेकिन अब श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश को सांस्कृतिक स्वतंत्रता मिलने जा रही है। इसका सभी देशवासी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को लेकर कहा कि मंदिर निर्माण स्वयं प्रभु की इच्छा से हो रहा है और प्राण प्रतिष्ठा जब श्रीराम की हो तो सभी मुहूर्त दिव्य हो जाते हैं। इससे जुड़े सवाल करने वाले लोग अज्ञानी हैं।

साध्वी ऋतंभरा ने मंदिर आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, लोग पूछते हैं कि इसका श्रेय किसे दिया जाए। उन्होंने बताया कि इसमें असंख्य रामभक्तों का रक्त बहा है। कई माताओं के पुत्र छिने हैं, कइयों का सिंदूर मिटा है। घरों के आंगन सूने हो गए तब जाकर ये दिन देखने को मिला है। इस बीच उन्होंने कई ओजस्वी कविताओं का पाठ भी किया।

प्रेस वार्ता में डॉ. परमात्मानंद सरस्वती, ज्ञानानंद महाराज, निर्मलानंदनाथ, माधवप्रियदास, आचार्य कृष्णमणि दास, संतोषदास (सतुआ बाबा) व आलोक दास मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा महाप्रसाद 20 हजार से अधिक प्रसाद बॉक्स तैयार

एजेंसी ⏭ अयोध्या



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी मेहमानों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से महाप्रसाद तैयार कराया गया है। जो प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्हें भेंट किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मेहमानों को मंदिर परिसर में देशी घी से तैयार भोजन भी परोसे जाने की तैयारी है।

**पांच हजार किलो से अधिक सामग्री से तैयार किया गया महाप्रसाद:** श्रीराम जन्भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में गुजरात की भगवा सेना भारती गरवी गुजरात व संत सेवा संस्थान की ओर से महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल भाई रावल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से उन्हें तीन दायित्व सौंपे गये हैं। इसके तहत उन्हें महाप्रसाद तैयार करने के साथ संतों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि करीब 200 लोगों की टीम द्वारा 5 हजार किलो से अधिक सामग्री से महाप्रसाद को तैयार किया गया है। महाप्रसाद को शुद्ध देशी घी, बेसन, शक्कर और पंच मेवे से तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि महाप्रसाद के 20 हजार से अधिक प्रसाद बॉक्स को तैयार किया गया है। प्रसाद बॉक्स में दो लड्डू, सरजू नीर, कुमकुम, रुद्राक्ष, कलावा, सुपारी और अक्षत (अखंडित चावल) शामिल हैं।

### मनोहर लाल बोले- करोड़ों लोगों के मन की बात होगी पूरी

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर देश में आज मनेगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

- मुख्यमंत्री ने पार्षदों व चेयरमैनों के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के विराजमान होने से देश और दुनिया के करोड़ों लोगों के मन की बात पूरी होगी। इस दिन का इंतजार पिछले 500 सालों से किया जा रहा था। इस इंतजार की घड़ियां 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के घर पहुंचने पर पूरी हो जाएंगी। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र है। उनके प्रयासों से ही करोड़ों लोगों की मनोकामना पूर्ण हो पाई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को हरियाणा कला परिषद के परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा कला परिषद के सभागार में नगर निगम पार्षद एवं नगर परिषद चेयरमैन के प्रशिक्षण शिविर का दीपशिखा प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के सभी नागरिकों को भगवान श्री राम के घर आने की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या राम जन्मभूमि पर बनाए गए भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की घर वापसी होगी। इस दिन प्रभु के घर में विराजमान होने से करोड़ों लोग दीपावली जैसा उत्सव मनाएंगे। इस पावन पर्व को लेकर करोड़ों लोगों के जेहन में उत्साह और उमंग साफ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाने के लिए सभी की ड्यूटियां और दिन निर्धारित किया गया है। इस कड़ी के तहत 8 व 9 फरवरी को हरियाणा का दिन तय किया गया है। इस दिन अयोध्या के लिए एक विशेष ट्रेन चलेंगी। इस ट्रेन के माध्यम से हरियाणा के लोग भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे।

## भाजपा के नेतृत्व में सभी दस लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : कैप्टन अभिमन्यु



- खुद को बताया भाजपा का समर्पित सिपाही, बोले- पार्टी जो ड्यूटी लगाएगी, वहीं करने को तत्पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- मुख्यमंत्री व प्रदेश प्रभारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता स्पष्ट कर चुके गठबंधन बारे में स्थिति

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तैयारियां है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव पिछली बार की तरह ही होगा और सभी सीटों पर कमल का फूल खिलेगा।

उन्होंने कहा कि वे पार्टी के कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता के तौर पर संगठन उन्हें जो भी काम देगा, उसे वे पूरा करेंगे। पूर्व वित्तमंत्री यहां के सेक्टर 16-17 स्थित इंडस आरपीएस स्कूल में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जजपा से गठबंधन में चुनाव होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी विप्लब कुमार देब व अन्य वरिष्ठ नेता ऐलान कर चुके हैं कि भाजपा की सभी लोकसभा सीटों पर तैयारी पूरी है, ऐसे में इस बारे और कुछ कहना बाकी नहीं रह जाता।

ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से पूछताछ के बाद गृहमंत्री अनिल विज द्वारा हुड्डा के जेल जाने बाबत दिए बयान पर उन्होंने कहा कि अदालतें व जांच एजेंसियां इस बारे में सभी तथ्यों के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ा रही है, जो भी रिजल्ट आएगा, वो उन नेताओं के कर्मों के हिसाब से आएगा, किए कर्म तो भोगने ही पड़ेंगे।

### संचालन के लिए चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया जारी

## सीएम नीतीश ने दी राम जानकी मेडिकल कॉलेज की सौगात

एजेंसी ⏭ समस्तीपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उससे एक दिन पहले ही सीएम नीतीश ने समस्तीपुर की जनता को श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज की बड़ी सौगात दी है। इस मौके पर सीएम नीतीश के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। श्रीराम जानकी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस है। मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय, वित्त और वाणिज्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद रहे।



### अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं

देश में एक मात्र मेडिकल कॉलेज है, जिसका नाम श्रीराम जानकी के नाम से रखा गया है। समस्तीपुरवासियों के लिए यह अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं होगा। मेडिकल कॉलेज में मरीजों के इलाज व जांच की सुविधा को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तैयारी शुरु कर दी गई है। इसको लेकर बिहार सरकार के द्वारा प्राचार्य एवं अधीक्षक की भी प्रतिनियुक्ति कर दी है। मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया भी जारी है।

नृप सब रहहिं कृपा अभिलाषें। लोकप करहिं प्रीति रुख राखें॥
वन तीनि काल जग माहीं। भूरिभाग दसरथ सम नाहीं॥

सब राजा उनकी कृपा चाहते हैं और लोकपालगण उनके रुख को रखते हुए (अनुकूल होकर) प्रीति करते हैं। (पृथ्वी, आकाश, पाताल) तीनों भुवनों में और (भूत, भविष्य, वर्तमान) तीनों कालों में दशरथजी के समान बड़भागी (और) कोई नहीं है॥

श्री राम लला
प्राण प्रतिष्ठा

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे ये सितारे, अयोध्या पहुंचे बॉलीवुड स्टार्स

**अयोध्या।** आज 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा। इस खास कार्यक्रम में पॉलिटीशियन से लेकर फिल्म स्टार्स का जमावड़ा देखने को मिलेगा। देशभर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के खास मौके पर दिवाली मनाई जाएगी।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता कई बॉलीवुड सितारों को मिला है। ऐसे में कई सेलेब्स अयोध्या पहुंच भी चुके हैं तो आज सुबह पहुंच जाएंगे और अयोध्या में इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनेंगे।

### टीवी के राम-सीता-लक्ष्मण पहुंचे



सबसे पहले बात करते हैं टीवी सीरियल रामायण के राम, सीता और लक्ष्मण यानी दीपिका चिखलिया, अरुण गोविल और सुनील लहरी की जो कुछ दिनों पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं।

### मंदिर की सफाई करती हुईं कंगना



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अयोध्या पहुंच चुकी हैं। एक्ट्रेस ने श्री रामभद्राचार्य का भी आशीर्वाद लिया है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने हनुमान जी के यज्ञ में भी भाग लिया है। कंगना रनौत ने मंदिर में साफ सफाई भी की। वहीं एक वीडियो में उन्हें हनुमान गढ़ी मंदिर में यज्ञ और भगवान के दर्शन के बाद मंदिर में सफाई करते हुए भी देखा गया।

### अनुपम खेर और रजनीकांत




अनुपम खेर अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने पहुंच गए हैं। अयोध्या पहुंचने से पहले एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि वह हिंदू कश्मीरी के तौर पर अयोध्या जाएंगे। वहीं रजनीकांत भी अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं।

***विवेक, मधुर, चिरंजीवी, मोहनलाल :*** बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय और फिल्म मेकर मधुर भंडारकर अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं। विवेक ओबेरॉय और मधुर भंडारकर इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा होंगे। चिरंजीवी और मोहनलाल चिरंजीवी और मोहनलाल भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे।

***अमिताभ, प्रभास, अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर :*** बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन 22 जनवरी को अपने प्राइवेट चार्टडे विमान से अयोध्या जाएंगे। रामलला के इस खास कार्यक्रम में साउथ सुपरस्टार्स प्रभास, अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर भी शामिल होंगे।

### ये स्टार्स भी होंगे शामिल

वहीं इन स्टार्स के अलावा माधुरी दीक्षित, आयुष्मान खुराना, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, हेमा मालिनी, अजय देवगन, अक्षय कुमार, अल्लू अर्जुन, अमजद अली,अनूप जलोटा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, ऋषभ शेट्टी, धनुष, संजय लीला भंसाली, मालिनी अवस्थी, सनी देओल, श्रेया घोषा, कैलाश खेर, शंकर महादेवन, अनूप जलोटा, सोनू निगर, अनुराधा पौडवाल, अनुष्का शर्मा, विराट कोहली, माधुरी दीक्षित और श्रीराम नेने सहित कई अन्य स्टार्स इस एतिहासिक पल के गवाह बनने जा रहे हैं।




## इंतजार खत्मः आदुजीविथम की रिलीज डेट आई सामने...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जानेमाने अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म आदुजीविथम 10 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। ब्लेसी द्वारा निर्देशित और पृथ्वीराज अभिनीत फिल्म का लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पृथ्वीराज ने वीडियो शेयर करते हुये लिखा,सबसे बड़ा सर्वाइवल एडवेंचर। एक अविश्वसनीय सच्ची कहानी. असाधारण रहस्योद्घाटन का गवाह बनें। यह फिल्म यह फिल्म बेन्यामिन द्वारा लिखे गए इसी नाम के मलयालम उपन्यास का रूपांतरण है। यह फिल्म मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। पृथ्वीराज एक भारतीय फिल्म अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और पार्श्व गायक है।



लाइफ Style

## कैटरीना निभाना चाहती हैं निगेटिव रोल


कैटरीना कैफ करीब 3 दशक से बॉलीवुड में छाई हुई हैं। इस दौरान उन्होंने ग्लैमरस से लेकर एक्शन भूमिकाएं भी पर्दे पर निभाई हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म 'मेरी क्रिसमस' के लिए चर्चा में हैं। इतने सालों में कैटरीना अपने फिल्मों के साथ ही अपने निजी जीवन और ग्लैमर के लिए भी चर्चा में रहीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब एक बातचीत में उन्होंने करियर के अलग-अलग दौर में आए बदलावों और उनसे फिल्मों के चुनाव पर पड़े असर पर बात की है। एक बातचीत में कैटरीना ने कहा वह कोई नकारात्मक किरदार निभाना चाहेंगी, लेकिन उस किरदार के वैसा बनने के पीछे वजह होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ऐसी कई चीजें हैं, जो मुझे उत्साहित करती हैं। मैं एक पीरियड फिल्म करना चाहती हूं, लेकिन जब आप कोई कहानी सुनते हैं, तो आपको उस फिल्म के हिसाब से सोचना होता है। क्या आप इस फिल्म का हिस्सा होना चाहते हैं? क्या आप यह कहानी बताना चाहते हैं? कैटरीना ने कहा कि 20 की उम्र में आप जो व्यक्ति होते हैं, वो आप 30 की उम्र में नहीं होंगे। अनुभवों के साथ आप बदलते हैं, एक व्यक्ति के तौर पर आप विकसित होते हैं। जाहिर है, यह बदलाव आपके चुनाव और आपके काम पर दिखने लगेगा। आखिर में एक कलाकार के तौर पर खुद को जाहिर करने की बात है। यह आजादी की बात नहीं, आत्मविश्वास की बात है। भविष्य में फिल्मों के चुनाव पर उन्होंने कहा कि वह खुद के साथ ईमानदार रहेंगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसका सबसे अच्छा तरीका है कि मैं खुद के साथ ईमानदार रहूं।

## पैसे के लिए नहीं करते फिल्में : ओबेरॉय

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' ने हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी। इसमें वह पुलिस अधिकारी विक्रम बख्शी के किरदार में नजर आए हैं, जिसमें उन्हें पसंद किया जा रहा है। अब अभिनेता ने बॉलीवुड की बजाए साउथ की फिल्मों में काम करने की वजह बताई तो साथ ही कहा कि वह पैसों के लिए काम नहीं करते हैं। उन्होंने रोहित शेट्टी के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। विवेक कहते हैं कि वह अब सिर्फ अपने जुनून के लिए ही फिल्में कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "मेरे पास अपनी दाल-रोटी के लिए बहुत से विकल्प है। मेरे कई बिजनेस हैं और मैंने कई इन्वेस्टमेंट भी कर रखी है, जो अच्छी चल रही है। ऐसे में मैं उन्हीं फिल्मों को करता हूं, जिनकी कहानी अलग हो।" विवेक अब उन लोगों के साथ ही काम करना चाहते हैं, जिन्हें वह अपने परिवार की तरह मान सके। एक साक्षात्कार में विवेक ने बताया कि वह रोहित को 'डॉक्टर रोहित शेट्टी' बुलाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि पुलिस के बारे में निर्देशक ने पीएचडी कर रखी है।



## फिल्मफेयर में जाह्नवी लूटेगी महफिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्मफेयर अवार्डस के 69वें संस्करण में परफॉर्मेंस देंगी। फिल्मफेयर अवार्ड्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है। जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। जाह्नवी ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवार्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है। साल 2018 में स्टारकिड्स ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी। जाह्नवी ने अपने पांच साल के छोटे से करियर में लगभग सात फिल्मों में काम किया है। धड़क से अपनी शुरुआत करने वालीं जाह्नवी ने साल 2020 में घोस्ट स्टोरीज, गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल, रूही, गुड लक जैरी, मिली जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी आगामी फिल्म 'बवाल' 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।



### टीवी मसाला



## आग में फंसेगी अनुपमा व अनुज को पड़ेंगे दौरे, हाई वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में फिर एक बार अनुज कपाड़िया और अनुपमा की मुलाकात का संयोग बनता दिखाई पड़ रहा है। सीरियल के रविवार के एपिसोड में भले ही मेकर्स ने अनुज कपाड़िया से संबंधित कुछ भी नहीं दिखाया गया, लेकिन अपकमिंग एपिसोड में फिर एक बार अनुज और अनुपमा की पहली मुलाकात की उम्मीद बनती दिखाई दे रही है।

***रेस्त्रां में आग लग जाने से बुरी फंसेगी अनुपमा :*** यह तो दर्शकों को पहले से पता है कि अनुपमा के रेस्त्रां 'स्पाइस एंड चटनी' में आग लग जाएगी, और फिर अनुपमा इस सिचुएशन को संभालेगी। यह पूरा घटनाक्रम किस तरह होगा और अनुज कपाड़िया का कनेक्शन इसमें कहां से बनने वाला है यह सब हमें बताया गया है। एपिसोड के आखिर में दिखाए गए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि रेस्त्रां में आग लगने के बाद अनु सबसे पहले यशदीप सर को फोन करेगी और उसे बताएगी कि रेस्त्रां में आग लग गई है।

***अनुज को आएगा अनुपमा के बारे में यह सपना :*** प्रोमो वीडियो में आगे दिखाया गया है कि अनुपमा एक-एक करके सभी कर्मचारियों को बाहर भेज देगी और उनसे मदद लाने को कहेगी। अनुपमा खुद रेस्त्रां में रहकर आग बुझाने की कोशिश करती रहेगी और फिर आग बढ़ने के बाद बेहोश भी हो जाएगी। उधर अनुज कपाड़िया को यह अहसास होने लगेगा कि अनुपमा मुसीबत में है। उसे दौरे पड़ने लगेंगे और नींद में ही वो छटपटाने लगेगा। श्रुति और आध्या दौड़कर उसके पास पहुंचेंगे और उसका हाल देखकर घबरा जाएंगे।

***हर हाल में अनुपमा को खोज निकालेगा अनुज :*** श्रुति और आध्या यह देखकर सोच में पड़ जाएंगे कि अनुज कपाड़िया बार-बार अनुपमा का नाम ले रहा है। फैन थ्योरीज की मानें तो अनुपमा की बिगड़ती तबीयत के बारे में सपना देखकर अनुज कपाड़िया और जोर-शोर से अनुपमा की तलाश में निकल पड़ेगा। वह देविका को फोन करने से लेकर रेस्त्रां में तलाश करने तक हर कोशिश करेगा।

## सुपर स्टार यश की 'टॉक्सिक' में काम करेंगी श्रुति हासन...

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री श्रुति हासन दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करती नजर आएंगी। हाल ही में यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक का ऐलान हुआ है। इस फिल्म का ऐलान करते हुए मेकर्स ने एक जबरदस्त एनाउंसमेंट टीजर वीडियो जारी किया था। इस फिल्म में श्रुति हासन की एंट्री हो चुकी है। फिल्म का टाइटल, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने दर्शकों के बीच चर्चा कर दी है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।






## धमाल मचाने को तैयार विद्या की फिल्म 'दो और दो प्यार'

**मुंबई।** अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट प्रस्तुत एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म दो और दो प्यार 29 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म दो और दो प्यार में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डीक्रूज़ और सेंथिल राममूर्ति नजऱ आएंगे। फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो और दो प्यार को अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहा हैं। विद्या को उनके फिल्मी करियर का पहला ब्रेक फिल्म परिणीति में मिला। फिल्म को समीक्षकों द्वारा बेहद सरहाना मिली, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थी।लेकिन इस फिल्म में आलोचकों को विद्या का अभिनय बहुत पसंद आया था। विद्या को इस फिल्म के शाइनिंग स्टार बॉलीवुड के पुरुस्कार से सम्मानित भी किया गया।

### रामायण-द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा : फिल्म को आप यूटयूब पर फ्री में देख सकते हैं

## पूरा देश राममय, रामायण पर बनीं चुनिंदा फिल्में ओटीटी पर देखें

***नई दिल्ली।** पूरा भारत इस समय राममय है क्योंकि आज 22 जनवरी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा है। इस दिन अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होगा और पूरे भारत में इसको लेकर भक्त उत्सुक हैं। आज 22 जनवरी को लोग अपने घर के पास वाले मंदिरों में भगवान राम की पूजा अर्चना करेंगे और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को टीवी पर लाइव देखेंगे। सनातन धर्म में रामायण पवित्र ग्रंथ है और इस पर कई धारावाहिक व फिल्में बन चुकी हैं। रामायण पर आधारित कई फिल्में ओटीटी पर रिलीज हुई हैं जिन्हें आपको परिवार के साथ इन्हें देखना चाहिए।*

### 1961 को बनी संपूर्ण रामायण

साल 1961 में बाबुभाई मिस्त्री क निर्देशन में बनी फिल्म संपूर्ण रामायण आई थी। इस फिल्म में एक्टर महीपाल भगवान राम का रोल प्ले किया था। अनीता गुहा ने माता सीता का रोल प्ले किया था। इस फिल्म में हेलन ने शूर्पणखा का रोल अदा किया था। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।




### ब्लैक एंड व्हाइट श्रीराम भक्त हनुमान



साल 1948 में होमी वाडिया के निर्देशन में बनी फिल्म श्री राम भक्त हनुमान आई थी। ये फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट थी लेकिन इसे काफी पसंद किया गया था। इसमें एसएन त्रिपाठी ने भगवान राम और सोना चैटर्जी ने माता सीता का रोल प्ले किया था। इस फिल्म को आप यूटयूब पर फ्री में देख सकते हैं।

### आदिपुरुष में प्रभास राम, कृति बनीं सीता



साल 2023 में ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म आदिपुरुष आई थी। इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार प्रभास ने भगवान राम और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने माता सीता का रोल प्ले किया था. इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकते हैं.

***रामायण-द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा :*** साल 1993 में जापानी डायरेक्टर युगो साको के साथ मिलकर बॉलीवुड निर्देशक राम मोहन ने एनिमेशन फिल्म रामायण-द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा बनाई। इस फिल्म में भगवान राम की आवाज अरुण गोविल न दी और रावण की आवाज दिवंगत एक्टर अमरीश पुरी ने दी थी। इस फिल्म को बच्चे और बड़े सभी पसंद करते हैं। फिल्म को आप यूटयूब पर फ्री में देख सकते हैं।

### लव कुश में जितेंद्र राम, जयाप्रदा सीता बनीं थीं

साल 1997 में वी मधुसुधन राव के निर्देशन में बनी फिल्म लव कुश आई थी। इस फिल्म में जितेंद्र ने भगवान राम और जयाप्रदा ने माता सीता का रोल प्ले किया था। वहीं अरुण गोविल ने लक्ष्मण और दारासिंह ने हनुमान जी का रोल प्ले किया था। इस फिल्म को आप जी 5 पर फ्री में देख सकते हैं।



उद्योगों की प्रगति में ही मध्यप्रदेश की समृद्धि

# उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/औबेदुल्लागंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योगों की प्रगति में ही मध्यप्रदेश की समृद्धि निहित है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े, अधिक से अधिक उद्योग यहां स्थापित हों। प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो, हम सुशासन और सुव्यवस्थाओं को स्थापित करें, प्रदेश सरकार का यही संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश विकास के मामले में नम्बर वन बने, इसके लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। समग्र व्यवस्था के सशक्त विकास में सबसे बड़ा योगदान रोजगार व्यवस्था का है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रायसेन, सागर, इंदौर व उज्जैन दौरे पर रहे। वह रायसेन जिले के तामोट में टेक्सटाइल उद्योग क्षेत्र में सागर ग्रुप की एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री की नवनिर्मित इकाई का उद्घाटन समारोह को शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उद्योगों से ही समृद्धि आती है। प्रदेश के समृद्ध होने के साथ-साथ आम लोगों को रोजगार मिलता है, आर्थिक विकास होता है। देश-दुनिया में पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि मप्र में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। यहां अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों, यह प्रयास किए जा रहे हैं।

**तामोट में एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री की नवनिर्मित इकाई का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया उद्घाटन**

### मप्र को विकास के मामले में नम्बर वन बनाएंगेः सीएम

### कंपनी में कार्यरत कर्मियों से मुख्यमंत्री ने की बातचीत



**यूनिट से 3500 लोगों को रोजगार मिलेगा**

सरकार उद्योगों को आत्मनिर्भर, लाभदायक और रोजगार पैदा करने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज की पॉलिएस्टर कॉटन यार्न यूनिट की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो 3500 लोगों के लिए रोजगार देगी। मुख्यमंत्री ने इकाई में कार्यरत महिलाओं से बातचीत की।

**उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए जाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगपतियों को अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार देने के लगातार प्रयास कर रही है।

### फैक्ट्री के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को होगा लाभः पटवा

क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि इस इकाई के शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को भी लाभ होगा। रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांसद रमाकांत भार्गव, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, मौजूद रहे। समारोह में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, डॉ. नवनीत मोहन कोठारी प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी), भोपाल कमिश्नर पवन शर्मा, इरशाद अली आईजी होशंगाबाद, कलेक्टर रायसेन अरविंद कुमार दुबे मौजूद थे। सागर ग्रुप के संस्थापक व चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि सागर ग्रुप की एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री की नवनिर्मित इकाई से प्रदेश के 3000-3500 युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। भविष्य में लगभग 10 हजार लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है।




**सागर में मुख्यमंत्री जनआभार रैली में हुई फूलों की बारिश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सागर पहुंचने पर शानदार स्वागत हुआ। जन आभार यात्रा के जरिए जनता ने बुंदेली परंपरा अनुसार भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर बुंदेली लोक नृत्य के बीच स्वागत का प्रदर्शन किया गया। साथ में आतिशबाजी भी की गई। जन आभार यात्रा के डेढ़ किमी के मार्ग पर लगातार पुष्प वर्षा की गई। जन आभार यात्रा सागर पुलिस लाइन गेट से शुरू होकर विवेकानंद चौराहा, जिला पंचायत चौराहा, चर्च चौराहा, लाल स्कूल, झंडा चौक, काली तिराहा होते हुए एमएलबी स्कूल तिराहा पहुंची, जहां से मुख्यमंत्री डा. यादव पीटीसी मैदान पर आयोजित आभार सभा स्थल पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपहार में मिली तलवार का प्रदर्शन कर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पीतल के मुगदर को घुमाकर जय श्री राम का नारा लगाया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- बुंदेलखंड को हम सब मिलकर बनाएंगे औद्योगिक हब

**सागर में जून से शुरू होगा राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय**

# अपने जिलों में अवैध शराब की बिक्री और जुए-सट्टे पर सख्त कार्रवाई करेंगे अफसर

**सागर संभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर अपने-अपने जिले के विकास की कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में अवैध शराब की बिक्री और जुए-सट्टे पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को समन्वयपूर्वक कार्य करने की जरूरत जताई। हम सबके समन्वित प्रयासों से ही बुन्देखण्ड औद्योगिक हब के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर संभागीय मुख्यालय में संभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सागर में आगामी जून से राज्य स्तर का विश्वविद्यालय शुरू होगा, जिससे सभी नजदीकी कॉलेज संबद्ध होंगे। कॉलेज अपने-अपने स्तर पर रोजगारमूलक विषय प्रारंभ करेगें, जिससे शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे।




### विधायकों की कठिनाइयों के निराकरण के लिए सभी संभागों में दो-दो वरिष्ठ अफसर तैनात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिले के विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को सम्मान दे तथा शिष्टाचार का निर्वहन करें। साथ ही उनकी ओर से बताए गए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायकों की कठिनाइयों के निराकरण के लिए सभी संभागों में दो-दो वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है।

**केन-बेतवा लिंक परियोजना का जल्द भूमिपूजन कर होगा शुभारंभ**

सीएम ने बताया कि केन बेतवा लिंक परियोजना का जल्द भूमि पूजन से शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कलेक्टर विधायकों के साथ में जिलों में बैठक कर उनसे प्रस्ताव लेकर चर्चा करें। बैठक में मुख्यमंत्री को केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार समेत मप्र सरकार के मंत्री, विधायक व अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायकों से समन्वय कर योजनाएं तैयार करेंगे कलेक्टर

**ध्वनि विस्तारक यंत्र उपयोग में हो नियमों का पालन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में शासन की गाइड लाइन के आधार पर ही अनुमति दी जाएं। उन्होंने कहा कि बैंडबाजा वालों को प्रोत्साहन देने के लिए उनकी प्रतियोगिताएं कराएं। डीजे वालों के लिए केवल दो बाक्स आधारित साउंड की अनुमति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मांस, मछली, अंडा का विक्रय कवर्ड परिसर में ही किया जाए। इसके लिए सभी का पंजीयन आवश्यक हो। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में मांस, मछली, अंडा का खुले में विक्रय न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### सीएम यादव ने किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी रहे मौजूद**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को सागर संभागीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया।

**बुंदेलखंड क्षेत्र में उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएंः वीडी**

बुंदेलखंड क्षेत्र में उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमारे पास मेन पॉवर की कमी नहीं है। यहां के लोग सारी दुनिया में काम कर रहे हैं। यहां की धरती रत्नगर्भा है। यह बात शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए सागर में कही।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री को केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रदेश के विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## वर्दी का संगीत कार्यक्रम में मप्र पुलिस के बैंड दल ने दी संगीतमय प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश पुलिस की सातवीं वाहिनी पुलिस ब्रास बैंड ने वर्दी का संगीत कार्यक्रम की डीबी मॉल में मनमोहक प्रस्तुति दी। ब्रास बैंड की प्रस्तुति की सभी उपस्थितजन ने सराहना की। बैंड के निरीक्षक सुनील कटारे के मार्गदर्शन में बैंड का संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक मृत्यंजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डीआईजी मध्य क्षेत्र विशेष सशस्त्र बल नवनीत 'भसीन और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया पौधरोपण

**भोपाल।** प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मिसरोद में शनिवार को बीके श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में मिसरोद रेल स्टेशन की मीठी और बड़ी जामुन बीज से तैयार 5 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि (सेवानिवृत) डॉ. केके तिवारी रहे। महिला मंडल में डॉ. कामायनी मिश्रा, बबिता शाह, रिंकी

### मंत्री काश्यप लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष बने

**भोपाल।** राज्य शासन ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्ययम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप को मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के संचालक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि ने बताया कि नियुक्ति कार्यभार ग्रहण तिथि से मान्य होगी।

### भारतीय शिक्षा मनोविज्ञान कार्यशाला का समापन

**भोपाल।** शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में जारी भारतीय मनोविज्ञान राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। समारोह अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्र के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय संस्कृत विवि प्रभारी कुलसचिव आरजी मुरलीकृष्ण के आथित्य में हुआ।

## धूं-धूं कर जली बस...



कांकेर। बालोद और कांकेर सीमा से लगे ग्राम जगतरा टोल प्लाजा के पास एक यात्री बस में अचानक आग लग गई है। यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। फिलहाल किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है।

### 23 को केंद्रीय मंत्री जोशी राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**भोपाल।** राज्य खनन मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन आगामी 23 जनवरी को भोपाल में होने जा रहा है। केंद्रीय खान, कोयला और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। यह सम्मेलन अन्वेषण, पर्यावरणीय स्थिरता, खनिज प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी अपनाने और नीति सुधार सहित खनन के विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। सम्मेलन राज्यों द्वारा अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं और विभिन्न राज्यों की सफलता की कहानियों को भी प्रदर्शित करेगा, और जो मिल-जुल कर सीखने तथा अनुभव साझा करने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जो साझेदारी को बढ़ावा देने और खनन उद्योग में चुनौतियों का सामना करने के लिए स्थायी समाधानों की पहचान करने में सहायक होगा। इस सम्मेलन में कुल 87 भूवैज्ञानिक रिपोर्टें विभिन्न राज्य सरकारों को सौंपी जाएंगी। इसके अलावा 5 कोयला क्षेत्र अन्वेषण रिपोर्ट्स (कोल ब्लॉक एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट्स) भी कोयला मंत्रालय को सौंपी जाएंगी।

## महिलाओं को आर्थिक गतिविधि से जोड़ने के साथ योजनाओं का अवलोकन-आंकलन जरूरीः पटेल

**बालाघाट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री ने ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि पलायन कर गए श्रमिकों की जानकारी हमारे पास होना चाहिए कि वे किस कार्य के लिए कहां गए है।

मंत्री पटेल सभाकक्ष बालाघाट में विभागीय समीक्षा में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में शुरू की गई ऐसी गतिविधियों के निरंतर आंकलन और अवलोकन की जरूरत है। पीएम आवास योजना और आवास प्लस के बावजूद कोई गांव अगर छुट गए है तो जानकारी निकाले।




**सड़कों पर पुल निर्माण पूर्ण करें**

मंत्री पटेल ने निर्देश दिए कि जिले की कनेक्टिविटी और बारहमासी सड़कों पर पुल निर्माण विभागीय स्तर पर पूर्ण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-1 के चरण में सड़कों में बने रपटों के स्थान पर पुल निर्माण, वनग्राम होने से छुटे गांव के साथ-साथ सड़कों की स्थितियों के बारे में समीक्षा की। मंत्री पटेल ने जिले की नक्सल प्रभावित गांव में सड़कों की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की।

**शहर के मंदिरों और चौक चौराहों पर जगह-जगह भंडारा**

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंदिरों में दिवाली सी सजावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अयोध्या में आज 22 जनवरी को होने वाली रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की जोरशोर से तैयारी की जा रही है। सरकंडा पुराने पुल पर बोल बम सेवा समिति द्वारा महाआरती के साथ-साथ सीता रसोई व राम भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।

चार हजार श्रद्धालुओं को कुल्फी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। मध्य नगरी चौक दुर्गा समिति द्वारा भंडारा होगा। शाम को 101 किलो प्रसाद वितरण किया जाएगा। शहर के गदा चौक को सजाया जाएगा। 1001 दीप जलाए जाएंगे।

**सरकंडा में सीता रसोई एवं राम भोग प्रसाद वितरण**

**रामलला की आरती और रंगीन सजावट, आतिशबाजी की तैयारी**



**भजन और दोहे-चौपाइयों से सजा रामसेतु**

मध्य नगरी चौक की आकर्षक विद्युत लाइट से सजावट की जाएगी। इसी तरह गोल बाजार में भी एक साथ एक ही समय में आतिशबाजी की जाएगी और सुबह 11 बजे से भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूरे शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजन हो रहे हैं। मंदिरों में हवन पूजन कीर्तन किया जाएगा तथा 22 जनवरी को शाम छह बजे पूरे शहर में सभी घरों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मध्य नगरी चौक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष अमित राय ने बताया कि समिति के फंड से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन की तैयारी की जा रही है व पहली बार शहर में 22 जनवरी विशाल रूप में अनेक जगह में आयोजन हो रहे हैं। मध्य नगरी चौक में सुबह 11 बजे से भंडारा होगा।

**मच्छर भगाने के लिए जलाई थी अगरबत्ती**

## खाट के नीचे रखी अगरबत्ती से लगी आग, बुजुर्ग जिंदा जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती एक बुजुर्ग महिला की मौत का कारण बन गई। जामुल निवासी बुजुर्ग महिला खाट के नीचे मच्छर भगाने अगरबत्ती जलाकर सोई हुई थी। उससे उसकी खाट में आग लगी और वो भी उस आग की चपेट में आ गई।

घटना में महिला की जिंदा जलने से मौत हो गई। जामुल पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि जामुल निवासी दुखिया बाई (90) शुक्रवार को अपने घर पर सोई हुई थी।



**अगल कमरे में था बेटा**

महिला का बेटा और बहू अलग कमरे में थे। वृद्धा भी अपने कमरे में खाट पर सोई हुई थी। रात में ठंड होने के कारण उसने कंबल आदि ओढ़ा हुआ था। खाट के नीचे जल रहे मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से खाट में आग लगी और महिला भी उसकी चपेट में आ गई।

मंगलमूल रामु सुत जासू। जो कछु कहिअ थोर सबु तासू॥
रायँ सुभायँ मुकुरु कर लीन्हा। बदनु बिलोकि मुकुटु सम कीन्हा॥

मंगलों के मूल श्री रामचन्द्रजी जिनके पुत्र हैं, उनके लिए जो कुछ कहा जाए सब थोड़ा है। राजा ने स्वाभाविक ही हाथ में दर्पण ले लिया और उसमें अपना मुँह देखकर मुकुट को सीधा किया॥

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

चिंतन

# वेड इन इंडिया से मजबूत होगा आर्थिक राष्ट्रवाद

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को भी मजबूत करने के लिए आवाम को प्रेरित करते रहते हैं। पीएम ने वोकल फॉर लोकल के बाद अब 'वेड इन इंडिया' का आह्वान किया है। दरअसल समृद्ध भारतीय विदेश में जाकर वेडिंग सेरेमनी करते हैं। एक अनुमानित आंकड़े के मुताबिक भारतीय प्रति वर्ष करीब पांच हजार से अधिक शादियां विदेश में जाकर कर रहे हैं। इन पर करीब एक लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। विदेश में होने वाली शादियां अगर भारत में ही शिफ्ट हो जाएं तो ये पैसे भारत में ही खर्च होंगे, जिससे देश का पैसा बाहर जाने से बच जाएगा और अंततः भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। विदेशियों में भारत आकर वेडिंग करने का ट्रेंड नहीं है, वे अपने मुल्क के प्रति सचेत होते हैं। दरअसल, भारतीयों में विदेशी वस्तुओं व जगहों को लेकर अजीब आकर्षण है, कुछेक समृद्ध लोगों में स्वदेशी वस्तुओं, जगहों और भाषाओं के प्रति उदासीन भाव हैं, वे विदेश में व विदेशी वस्तुओं पर खर्च कर अपने अहं को तुष्ट करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक विदेशी सामान, विदेशी विक्रेताओं से खरीदने के चलते करीब 11 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियां भारत से मुनाफा के रूप में ले जाते हैं। भारतीयों में अगर स्थानीय, मेड इन इंडिया उत्पादों के प्रति भावना जाग जाए, तो विदेशी कंपनियों को जाने वाले मुनाफे देश में ही रह सकते हैं। भारतीय अपनी खरीदारी की आदत बदल कर हर वर्ष सात से आठ लाख करोड़ रुपये विदेश जाने से बचा सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी इसलिए वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हैं। हाल ही में पीएम ने लक्षद्वीप के समुद्र तट की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किया तो, मालदीव परेशान हो गया। पीएम ने रामेश्वरम स्थित रामसेतु के पास की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की है। पीएम की कोशिश है कि लोग देश के अंदर ही खूबसूरत जगह पर घूमने जाएं। भारतीय हर वर्ष मालदीव, इंडोनेशिया, थाईलैंड, यूरोप, अमेरिका आदि देशों के टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स पर घूमने पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं। अगर लोग देश के अंदर मौजूद टूरिस्ट जगहों पर भी जाएं, तो स्वदेशी पर्यटन को मजबूती मिलेगा। इन सबका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। भारत में हर वर्ष करीब 800 से 1000 फिल्में बनती हैं, जिनकी शूटिंग्स पर करोड़ों खर्च होते हैं। इनमें से बहुत सारे शूटिंग्स विदेशी लोकेशन्स पर होते हैं। अगर हमारे फिल्म निर्माता भारत के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्मों की शूटिंग्स करें, तो भारतीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और देश में पैसे खर्च होने से घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बहुत से ऐसे छोटे-छोटे कदम हैं, जिनसे देश की तरक्की को पंख लग सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवम्बर को अपने मन की बात कार्यक्रम में भी विदेशों में की जाने वाली डेस्टिनेशन शादियों पर चिंता जताई थी और लोगों से भारत में ही शादी करने की अपील की थी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का मानना है कि देश में ही डेस्टिनेशन शादियां हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावित बदलाव लाने की पहल हो सकती है। भारत में खूबसूरत जगहों की भरमार है, सौ से अधिक शहरों में करीब दो हजार से अधिक स्थान हैं, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग आयोजित किए जा सकते हैं। कैट ने व्यापारियों और नागरिक समाज के बीच भारत के डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान भी शुरू किया है। वेड इन इंडिया से आर्थिक राष्ट्रवाद मजबूत होगा।

आस्था
सुरेश जैन



# गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम


श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं, किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल में परा और अपरा दोनों तरह की शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। ऐसे ही पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है, उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण आते हैं। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक है। विष्णु पुराण में कहा गया है-तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्त, आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है।



मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। विद्या के बारे में कहा गया है-विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है, जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। स्वतंत्र भारत में गठित विशेषज्ञ समितियों की एकमत राय रही है कि शिक्षा भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर बल दिया गया है। राम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित हैं और शिक्षा संस्कारों की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य है। राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं और समुद्र पर सेतु निर्माण का जटिल कार्य संपन्न करते हैं। तत्पश्चात रावण जैसे शत्रु पर विजय प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशल विकास के साथ ही व्यावहारिक शिक्षा पर भी उतना ही ध्यान दिया गया है, जितना कि सैद्धांतिक शिक्षा पर। राम गुरुकुल से सैद्धांतिक विषयों के साथ ही युद्धकला की भी शिक्षा ग्रहण करते हैं। अपनी इस विद्या के बल पर वे ताड़का, मारीच और खर-दूषण जैसे समाज विरोधियों को समाप्त कर शांति स्थापित करते हैं और रावण पर भी विजय प्राप्त करते हैं।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद एवम तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद-यूपी के कुलाधिपति हैं।)

# आस्था का उत्कर्ष है राम मंदिर



प्राण प्रतिष्ठा विशेष
नरेंद्र सिंह तोमर

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्धृत करता है। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव की बात है। साथ ही हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

त्रेतायुग से लेकर अब तक सतत रूप से उत्कृष्ट एवं आदर्श शासन प्रणाली के लिए भारत में 'राम राज्य' की संकल्पना सबसे उपयुक्त एवं व्यावहारिक रही है। वही राम राज्य जिसका स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चल रहे संघर्ष काल में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी देखा था, किंतु अतीत में देखें तो पाते हैं कि स्वतंत्रता के पश्चात सात दशक तक दुर्भाग्य से राम राज्य की स्थापना को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया गया। लोक कल्याण और सुशासन जैसे शब्द सिर्फ शब्दकोष की शोभा बढ़ाते रहे, व्यवहार में उन्हें लाने में सरकारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अब समय बदला है और सोच भी। विगत एक दशक भारत की पुनर्स्थापना के समय रहा है, वस्तुतः स्वतंत्रता के बाद यही वह समय है जब हम राम राज्य की अवधारणा को जमीन पर उतारने जा रहे हैं। अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राम राज्य की अवधारणा के मूर्त होने का क्षण है। यह हमारी आस्था का उत्कर्ष तो है ही इसके साथ-साथ हमारी शासन व्यवस्था में भी सर्वोच्च होने का प्रतीक है। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर बने इसके लिए पांच सौ से अधिक वर्षों का लंबा संघर्ष काल बीता है। हजारों कार सेवकों, साधु–संतों, सनातनियों ने अपना बलिदान दिया है। यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हम भव्य राम मंदिर के स्वप्न को अपनी आंखों से साकार होते देख रहे हैं।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा गिराए जाने के पहले और बाद की भी लंबी संघर्ष की कहानी है। यद्यपि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एतिहासिक निर्णय के बाद यह विवाद स्वतः समाप्त हो चुका है कि भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में उसी स्थान पर हुआ था जहां राम मंदिर था और बाद में उसे तोड़कर बाबरी ढांचा बना दिया गया, किंतु प्रासंगिकता को देखते हुए इसके एतिहासिक और पौराणिक साक्ष्यों पर एक दृष्टि नितांत आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर को लेकर दिए अपने 1045 पन्ने के ऐतिहासिक फ़ैसले में कई किताबों और दस्तावेजों का जिक्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में वृहत धमोत्तर पुराण का जिक्र है, जिसके अनुसान अयोध्या सात पवित्र नगरियों में से एक है, इसके अनुसार-अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांचि, अवन्तिका। पुरी, द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः। इसी तरह वाल्मीकि रामायण से लेकर स्कंद पुराण तक में अयोध्या नगरी और श्री राम के वहां जन्म होने का वर्णन है। यहां तक कि अकबर के शासन काल के दौरान अबुल फजल द्वारा लिखी गई आईने अकबरी में भी अवध का वर्णन करते हुए लिखा गया है कि इस पवित्र नगरी में त्रेता युग में राजा रामचंद्र रहते थे।

अत्युत दुखद विषय यह है कि यहां राजनीतिक कु-इच्छओं और तुष्टिवाद के चलते राम जन्म भूमि पर भगवान राम के मंदिर की राह में कई वर्षों तक रोड़े अटकाए गए। 1853 में नवाब वाजिद अली शाह के शासन से रामलला की जन्मभूमि पर पूजा को रोकने का शुरू हुआ सिलसिला कई दशकों तक चला है। अंग्रेजों ने अपनी फूट डालो और राज करो नीति के तहत राम मंदिर विवाद को सबसे ज्यादा गहराया और मंदिर के भीतर रामलला की पूजा नहीं होने दी।



1950 में राम जन्मभूमि को लेकर शुरू हुई कानूनी लड़ाई 70 के दशक तक चली है। राम जन्म भूमि आंदोलन में भारतभूमि के महान संतों, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और लाखों कार सेवकों का संघर्ष और तप आज स्मरणीय हैं। इस आंदोलन की धुरी बने संत परमहंस रामचंद्र दास, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल एवं अन्य महापुरूषों का योगदान भी आज याद किया जाना चाहिए।

25 सितंबर 1990 को गुजरात के सोमनाथ से लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में शुरू हुई रथ यात्रा और राम जन्मभूमि आंदोलन राम लला के मंदिर निर्माण के युद्ध का एक शंखनाद था जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में पूर्ण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा की हमेशा से ही प्राथमिकताओं में शामिल रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्पशक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद संपूर्ण देश एक मन-एक मत से प्रभु श्री राम मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। मोदी ने अपने अटल संकल्प और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है कि जो उन्होंने कहा था वह पूरा करके दिखाया है और इसके साथ ही देश के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक और चिरप्रतीक्षित राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है।

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्धृत करता है।

अयोध्या तो इस समय वैश्विक पटल पर छाया ही हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी विरासत भी' ध्येय वाक्य पर चलते हुए वाराणसी में 'काशी कॉरिडोर' उज्जैन में 'महाकाल पथ', पवित्र चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री को हर मौसम में निर्बाध सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 900 किलोमीटर लंबी चारधाम सड़क परियोजना, सोमनाथ मंदिर पुनर्निमाण परियोजना, धार्मिक स्थलों के लिए बेहतर रेल एवं हवाई मार्ग की कनेक्टिविटी जैसे कई कार्यों ने एक नया परिदृश्य निर्मित किया है।

अयोध्या के राजा के रूप में प्रभु श्री राम ने जिस आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी, सदियों से हम उसे 'राम राज्य' के रूप में आत्मसात कर अनुकरण कर रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण पूरा करके और भगवान राम को वहां विराजमान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के स्वप्न को साकार करने का भगीरथी कार्य किया है, अपितु समदर्शी, सर्वस्पर्शी, लोककल्याणकारी शासन शैली के माध्यम से राम राज्य की पुनर्स्थापना का भी कार्य किया है। यह संयोग ही है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल में हमें नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सशक्त, संकल्पवान और संवेदनशील नेतृत्व मिला है, जिन्होंने एक दशक में राष्ट्र पुनर्रुत्थान के कई नए आयाम स्थापित किए हैं जो उल्लेखनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी हैं। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव और सौभाग्य की बात तो है ही साथ ही यह हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

(लेखक म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई-हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## राम मंदिर



अयोध्या में रविवार को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर जारी अंदर का दृश्य।

## आज की पाती

### अयोध्या जरूर जाएंगे

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *- सतीश उपाध्याय, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# इजराइल-हमास युद्ध में 25 हजार फलस्तीनी हुए मृत


इजराइल और हमास के बीच तीन महीने से अधिक समय से जारी युद्ध में 25,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा के अनुसार, पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पतालों में कम से कम 178 शव और लगभग 300 घायल लाए गए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ित हैं। सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर अचानक हमला कर करीब 1200 लोगों को मार डाला था, इनमें से अधिकतर आम नागरिक थे। हमलावरों ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 250 को बंधक बना लिया। इजराइल ने हवाई अभियान के साथ जवाबी हमले शुरू किए और फिर उत्तरी गाजा में जमीनी आक्रमण किया, जिससे पूरा इलाका लगभग तबाह हो गया। इजराइली बलों की जमीनी कार्रवाई अब दक्षिणी शहर खान यूनिस और मध्य गाजा में निर्मित शरणार्थी शिविरों पर केंद्रित है।



## ऑफ बीट

# बच्चे को जेब खर्च कब और कितना दें

बच्चों को जेब खर्च (पॉकेट मनी) देना परिवारों के लिए वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण निर्णय हो सकता है। यह सवाल उठाता है कि बच्चों को जेब खर्च देना कब शुरू करना चाहिए और कितना देना चाहिए। एक अहम सवाल यह भी है कि क्या बच्चों को घरेलू कामकाज करने के ऐवज में जेब खर्च देना चाहिए। एक वित्त शोधकर्ता और अभिभावक के रूप में, जेब खर्च को एक शैक्षिक अवसर के रूप में देखना भी महत्वपूर्ण है। आप इसका उपयोग बच्चों को सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने, सार्थक लक्ष्य निर्धारित करने और खर्च के दौरान जिम्मेदारी भरा रवैया अपनाने की आदतें विकसित करने के लिए कर सकते हैं। यहां बताया गया है कि आप इस संबंध में कैसे उचित निर्णय ले सकते हैं। आपको कब शुरू करना चाहिए? जेब खर्च के लिए कोई ''सही उम्र'' नहीं है, लेकिन जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं और जोड़ना व घटाना सीखना शुरू करते हैं, तो आप उन्हें जेब खर्च के रूप में थोड़े पैसे देने पर विचार कर सकते हैं।



## ट्रेंड

### सस्ती दवाइयों से पैसे बचे



आयुष्मान भारत योजना की वजह से 6 करोड़ से अधिक लोग अस्पताल में मुफ़्त इलाज करवा चुके हैं। 10 हज़ार जन औषधि केंद्र भी खोले हैं, जहां 80% डिस्काउंट पर दवाइयां मिल रही हैं। सस्ती दवाइयों से ग़रीब के 30,000 करोड़ रुपये बचे हैं।
**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### तत्काल युद्धविराम का आह्वान



गाजा में लोग न केवल बम और गोलियों से, बल्कि भोजन, साफ पानी की कमी और बिजली और दवा के बिना भी मर रहे हैं। ये रुकना चाहिए। मैं तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों की तत्काल बिना शर्त रिहाई के आह्वान से पीछे नहीं हटूंगा।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### भाग्य आपके नियंत्रण में है



परमानंद नियंत्रण से बाहर जाने जैसा है लेकिन सचेत रूप से। जब आप जानते हैं कि सचेत रूप से नियंत्रण से बाहर कैसे जाना है, तो आप हर चीज़ पर पूरी तरह नियंत्रण में हैं। आपके जीवन का भाग्य आपके नियंत्रण में है। **-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे



भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे असम में हर ज़बान पर हैं, पर भ्रष्टाचार के इस पेड़ की जड़ दिल्ली में है। मुख्यमंत्रियों का काम राज्य के संसाधनों को निचोड़ कर चढ़ावा दिल्ली दरबार में अर्पित करना है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# आज का दिन सौभाग्यशाली, सदियों बाद रामलला अपने 'महल' में विराजेंगे

- रामभय हो गई अयोध्या, जगद्गुरू रामभद्राचार्य भावुक हुए
- रामभद्राचार्य जी ने कहा कि आज मेरा वर्षों पुराना संकल्प पूरा हो रहा
- प्रसन्नता के साथ खूबसूरत कथा पंडाल में कर रहे सबसे बड़ी कथा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश भावुक है। सदियों बाद रामलला अपने घर में वापस आ रहे हैं। यह बहुत सौभाग्यशाली दिन है। रामनगरी में जगदगुरु रामभद्राचार्य सबसे बड़ी रामकथा कर रहे हैं। खूबसूरत सा पंडाल है। उन्होंने संकल्प किया था, मंदिर बनने तक अयोध्या रामकथा करने नहीं आएंगे।

संकल्प पूरा हुआ है। आजकल हर दिन 10 हजार लोग उन्हें सुनने आते हैं। वेदेश के लोकप्रिय संत हैं। उनसे मिलने आ रही हस्तियों को हैंडल करने 'टीम रामभद्राचार्य' में एक सेलिब्रिटी मैनेजर भी है।वे अंग्रेजी मीडिया वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब देते हैं।



## फिल्म अभिनेत्री कंगना ने स्वामी से लिया आशीर्वाद

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर में लगाई झाड़ू



बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत बीते दिन ही अयोध्या पहुंच गई थीं। रविवार को कंगना ने अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत सुकून मिल रहा है और अयोध्या जैसे राम लोक बन गया है। उन्होंने रामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। रनौत ने कहा कि इस दिन को बयान करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को सभी लोग राममय हो जाइए। अयोध्या हमारी सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और अब इसका पुराना गौरव वापस लौट रहा है। पूरा देश राममय हो गया है।

## रामभद्राचार्य बोले-काशी और मथुरा के लिए भी लूंगा संकल्प







## मुंबई में बना अयोध्या की तरह राम मंदिर

### भाजपा के प्रमुख संयोजक ने इसका निर्माण करवाया



अयोध्या के समान मंदिर को मीरा-भायंदर के भाजपा के प्रमुख संयोजक और पूर्व कॉर्पोरेटर रवि व्यास ने बनवाया है। रवि ने बताया कि उन्हें इस मंदिर बनाने का विचार डेढ़ महीने पहले आया था। मंदिर का ढांचा तैयार करके उसे जमीन पर लाने में 10 दिन से ज्यादा का समय लगा और अब यह हूबहू अयोध्या मंदिर की तरह ही बनकर तैयार हो गया है। यह भी बताया कि इस बीच हर दिन सुबह-शाम आरती और हवन होगा। राम भजन भी गाए जाएंगे। सभी नेताओं, सेलिब्रिटीज को न्योता दिया गया है।

## सभी श्रीराम के बताए रास्ते पर चलें, उनकी पूजा करें

### बाबरी के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा



अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। सोमवार को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। अयोध्या में मेहमानों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच बाबरी के पूर्व पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है और यहां सभी आयें। उन्होंने कहा कि सभी भगवान के दर्शन करें और प्रभु श्रीराम के बताये रास्ते पर चलें।

### बंगाल की सीएम का आयोजन

## आज ममता कालीघाट मंदिर में करेंगी पूजा, सद्भाव रैली



**कोलकाता।** अयोध्या में बने राम मंदिर का सोमवार को उद्घाटन होने वाला है। इस खास मौके पर पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बेनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस 'सद्भाव रैली' निकालने वाली है। 'सद्भाव रैली' से पहले कोलकाता में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। टीएमसी की तरफ से बताया गया है कि बेनर्जी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन वह पहले कालीघाट मंदिर में पूजा करेंगी और फिर कोलकाता के हाजरा मोड़ से सर्व धर्म रैली का आयोजन करेंगी।

---

### खबर संक्षेप

#### गोवा में एसपी के कुत्तों ने किया था हमला



**पणजी।** लेफ्टिनेंट कर्नल जीसस फर्टाडो ने बॉर्डर पर दुश्मनों से लड़ने के लिए ट्रेनिंग ली। सेना में रहकर देश की सुरक्षा का संकल्प लिया। अब वे ऐसी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका प्रशिक्षण नहीं लिया है। 3 वर्षों से वे उन पर हुए कुत्तों के हमले के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। ये कुत्ते गोवा के एसपी (मुख्यालय) बोसुएट सिल्वा के हैं। घटना 31 अक्टूबर 2020 को मडगांव में हुई थी। बताया जा रहा है कि इसके पहले और कई लोगों पर हमला किया था।

#### प्राण प्रतिष्ठा के दिन छुट्टी के खिलाफ याचिका खारिज



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शनिवार को चार कानून छात्रों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' के दिन 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। चार कानून छात्रों शिवांगी अग्रवाल,सत्यजीत साल्वे, वेदांत अग्रवाल और खुशी बांग्ला ने याचिका दाखिल की थी। इसके पहले भी कई अदालतों में इस तरह की याचिकाएं दाखिल की गई थीं।

#### सीतारमण ने स्टालिन पर लगाए गंभीर आरोप



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्टालिन सरकार पर लगाए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण पर बैन लगा दिया है। वित्तमंत्री ने कहा कि हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग से प्रबंधित मंदिरों में श्री राम के नाम पर किसी भी पूजा की अनुमति नहीं है। लोगों पर जबरन कार्रवाई की जा रही है।

### अपने प्रियजनों के साथ देश में ही मनाएं छुट्टियां

# देश में पर्यटन को बढ़ावा दें व पानी की एक-एक बूंद बचाएं

*पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के बाद फिर देशवासियों से किया आग्रह*

*पीएम मोदी ने रविवार को देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के आह्वान को फिर से दोहराया है। गुजरात में खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह में पीएम ने देशवासियों से देश में पर्यटन को बढ़ावा देने सहित 9 गंभीर प्रतिज्ञा करने को कहा*

एजेंसी ▶▶ रामेश्वरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के अपने आह्वान को एक बार फिर से दोहराया है। उन्होंने कहा कि अगर आप छुट्टियों की योजना बना रहे हैं, तो अपनी मातृभूमि में पर्यटन स्थलों को देखें और अपने प्रियजनों के साथ इन स्थानों पर जाने पर विचार करें।

गुजरात में खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने देशवासियों से देश में पर्यटन को बढ़ावा देने सहित नौ गंभीर प्रतिज्ञा लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आप जो भी कर सकते हैं वह करें। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशवासियों से पानी की एक-एक बूंद बचाने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने किसानों, बच्चों समेत सभी लोगों से देश की रक्षा के लिए आह्वान किया।

### स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें



पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि मैं अपने सभी देशवासियों से भी आग्रह करूंगा कि वे अपने गांवों, इलाकों और शहरों को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का प्रयास करें। वोकल फॉर लोकल के बारे बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें और किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के आहार में बाजरा जैसे खाद्य पदार्थों और मोटो अनाजों को भी शामिल करें।

#### 'वेड इन इंडिया' का भी किया आह्वान

पीएम मोदी ने 'मेक इन इंडिया' की तर्ज पर 'वेड इन इंडिया' पर जोर देते हुए कहा कि क्या विदेश में शादियां आयोजित करना जरूरी है? क्या हम अपने देश में ऐसे समारोह आयोजित नहीं कर सकते? यह हमारा पैसा है। उन्होंने कहा कि जब हम दूसरे देश में शादियां आयोजित करते हैं तो भारत का पैसा विदेशी खजाने को भरता है।




भारत का मेडिकल हब बन रहा गुजरात

#### राज्य में मेडिकल कॉलेज की संख्या 11 से 40 हुई

पीएम मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में गुजरात ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज गुजरात भारत का बड़ा मेडिकल हब बन रहा है। 2002 तक गुजरात में सिर्फ 11 मेडिकल कॉलेज थे, आज उनकी संख्या बढ़कर 40 हो गई है। एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़कर पांच गुना हुई हैं, पीजी सीटों की संख्या बढ़कर 3 गुना है। उन्होंने कहा,पिछले नौ वर्षों में राज्य में 30 नए कैंसर अस्पताल खोले गए हैं।

### हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

## 11 साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता देगी बच्चे को जन्म



एजेंसी ▶▶ जयपुर

एक पूर्ण विकसित भ्रूण को भी जीवन का अधिकार है और बिना किसी असामान्यता के स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है।

राजस्थान हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 11 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की 31 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस एडवांस स्टेज में गर्भावस्था को समाप्त करने के किसी भी प्रयास से समय से पहले प्रसव होने की संभावना है और यह अजन्मे बच्चे के विक्षिप्त विकास को प्रभावित कर सकता है। मामले में जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा थाने में केस दर्ज किया गया है। सैनी ने बताया कि लड़की की मेडिकल जांच मेडिकल बोर्ड से कराई गई, जिसकी रिपोर्ट 17 जनवरी को पेश की गई।

#### मामा ने दर्ज कराया था मामला

पीड़िता के साथ उसके पिता ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था और उसने अपने मामा के माध्यम से याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि लड़की ऐसे बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती क्योंकि यह उस पर हुए अत्याचारों की लगातार याद दिलाता रहेगा और उसके मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए अच्छा नहीं होगा। पीड़िता के वकील फतेहचंद सैनी ने कहा कि उसके मामा ने बच्ची के पिता के खिलाफ धारा 376 , पॉक्सो के तहत केस किया था।

#### संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लेख

न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड की पीठ ने बुधवार को एक आदेश में कहा कि अदालत में आने में बच्चे की देरी ने गर्भावस्था को समाप्त करने के उक्त पहलू को और बढ़ा दिया है। अदालत के आदेश में कहा गया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत पूर्ण विकसित भ्रूण को भी इस दुनिया में आने और बिना किसी असामान्यता के स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है।

### त्रिपुरा का 52वां स्थापना दिवस

## पीएम और राष्ट्रपति ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों मणिपुर, मेघालय,त्रिपुरा की स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं भेंट कीं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म लिखा कि इस दिन राज्य अपने अनूठे इतिहास और समृद्ध विरासत का जश्न मनाएं। मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि आज मेघालय की अविश्वसनीय संस्कृति और वहां के लोगों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है।

मणिपुर ने भारत की प्रगति में मजबूत योगदान दिया है। हमें राज्य की संस्कृति और परंपराओं पर गर्व है। मैं मणिपुर के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना करता हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के निवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन राज्यों को प्रकृति की अद्वितीय कृपा प्राप्त है और ये समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के वाहक भी हैं। वे प्रगति, समृद्धि और शांति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।



### दावा-असम की सरकार यात्रा को निकलने नहीं दे रही

## असम में जयराम की कार पर हमला किए, स्टीकर फाड़े

### कांग्रेस का आरोप : मुख्यमंत्री सरमा करा रहे हुड़दंग, हम डरने वाले नहीं

कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाजपा पर लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ जुमुगुरीहाट (गुवाहाटी)

लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा अभी पूर्वोत्तर भारत में चल रही है। न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस की ओर से दावा किया जा रहा है कि असम की सरकार यात्रा को निकलने नहीं दे रही है और यात्रा में शामिल लोगों को परेशान किया जा रहा है।

अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि असम में भाजपा के लोगों ने उनकी गाड़ी पर हमला किया।

#### खास बातें

- राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकल रही
- असम की सरकार यात्रा को निकलने नहीं दे रही



#### हमने संयम रखा, लोगों को माफ किया

जयराम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि कुछ समय पहले सुनीतपुर के जुमुगुरीहाट में मेरी गाड़ी पर भाजपा के लोगों ने हमला कर दिया और गाड़ी के विंडशील्ड पर लगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्टीकर भी फाड़ दिए थे। उन्होंने आगे कहा कि हमला करने वालों ने स्टीकर को पानी फेंक दिया और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के विरोध में नारे लगाए, लेकिन हमने संयम बनाए रखा, इन लोगों को माफ कर दिया।

#### शंकरदेव की जन्मस्थली पर न जाएं राहुल:सरमा



*सरमा ने राहुल से असमिया आइकन शंकरदेव के जन्म स्थान पर 22 जनवरी को श्रीमंत शंकरदेव के जन्म स्थान पर जाने से बचना चाहिए। भगवान राम और राज्य के प्रतिष्ठित वैष्णव संत के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती है। जब अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक समारोह होगा उस दिन यात्रा के दौरान अल्पसंख्यक बहुल इलाकों के संवेदनशील मार्गों पर कमांडो तैनात किए जाएंगे। अभिषेक समारोह के बाद वे बिना किसी प्रतिस्पर्धा कवहां जा सकते हैं।*

मुदित मातु सब सखीं सहेली। फलित बिलोकि मनोरथ बेली॥
राम रूपु गुन सीलु सुभाऊ। प्रमुदित होइ देखि सुनि राऊ

सब माताएँ और सखी-सहेलियाँ अपनी मनोरथ रूपी बेल को फली हुई देखकर आनंदित हैं। श्री रामचन्द्रजी के रूप, गुण, शील और स्वभाव को देख-सुनकर राजा दशरथजी बहुत ही आनंदित होते हैं॥

श्री राम लला
प्राण प्रतिष्ठा

## एफपीआई ने जनवरी में बाजार से निकाले 13 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने के पहले तीन सप्ताह में अबतक काफी सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय शेयर बाजारों से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस रुख के उलट विदेशी निवेशक ऋण या बांड बाजार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने समीक्षाधीन अवधि में बांड बाजार में 15,647 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने में भारतीय शेयरों से 13,047 करोड़ रुपये की निकासी की है।

# कॉरपोरेट घराने भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के जश्न में शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ बिक्री से अपने लाभ के एक हिस्से को शहर में खाद्य वितरण के लिए कर रही दान

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर कई बड़ी कंपनियों ने परिसर में प्रकाश व्यवस्था में योगदान से लेकर कार्यक्रम को 'मल्टीप्लेक्स' पर लाइव दिखाने तक की घोषणा की है। कुछ कंपनियां समारोह के दौरान क्षेत्र में बिक्री से अपने लाभ का एक हिस्सा पूरे अयोध्या शहर में विशेष खाद्य पदार्थ वितरित करने के लिए दान कर रही हैं।

उपभोक्ता क्षेत्र में काम करने वाली कई कंपनियों ने बड़ी संख्या में होर्डिंग, गेट ब्रांडिंग, शॉपबोर्ड और कियोस्क लगाकर अयोध्या राम मंदिर के लिए पवित्र शहर में आने वाले भक्तों को उत्पाद पेश करके 'ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग' अभियान शुरू किया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16 जनवरी को शुरू हुआ और 22 जनवरी तक चलेगा।

## कुछ कंपनियां परिसर में प्रकाश व्यवस्था सहित कार्यक्रम लाइव दिखाएगी

### डाबर मुनाफे का एक हिस्सा दान करेगा

डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा, 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निस्संदेह हमारे इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। इस अवसर पर डाबर ने 17 जनवरी से 31 जनवरी तक अपने उत्पादों की बिक्री से हुए मुनाफे का एक हिस्सा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को दान करने का फैसला किया है।'



### अदाणी विल्मर की जलेबी बांटने की योजना

अदाणी विल्मर की जलेबी बांटने और एक दिन व्यापक स्तर पर भोग आयोजित करने की योजना बनाई है। कंपनी की अयोध्या में इकट्ठा होने वाले भक्तों की बड़ी भीड़ का ध्यान खींचने के लिए गेट ब्रांडिंग, होर्डिंग्स, शॉपबोर्ड तथा कियोस्क जैसी बीटीएल गतिविधियों को अंजाम देने की भी योजना है।

### अदाणी ब्रांड श्रीमद रामायण का बना प्रायोजक

ब्रांड श्रीमद रामायण की पूरी अवधि का प्रयोजक बनकर टेलीविजन का भी लाभ उठा रहा है, जो कि अयोध्या में समारोह के साथ मेल खाता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंग्शु मलिक ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### 70 से अधिक शहरों के मल्टीप्लेक्स में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव शो

अग्रणी मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर पीवीआर आईनॉक्स ने 22 जनवरी, 2024 को 70 से अधिक शहरों में अपने 160 सिनेमा स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाने की घोषणा की है। पीवीआर आईनॉक्स के सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (को-सीईओ) गौतम दत्ता ने कहा कि वास्तव में अनूठे तरीके से भक्तों को इस उत्सव से जोड़ने में सक्षम होना हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

## अर्थशास्त्रियों का मानना, नौकरीपेशा लोगों की नजर कर राहत पर

# आम चुनाव से पहले पेश होने वाले बजट में कर मोर्चे पर मिल सकती है कुछ राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले कुछ दिन में आम बजट पेश करेंगी। बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है। अर्थशास्त्रियों की राय इसपर अलग-अलग है। कुछ का कहना है कि सरकार आम चुनावों से पहले अगले महीने पेश होने वाले अंतरिम बजट में मानक कटौती की राशि बढ़ाकर आयकरदाताओं को राहत देने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट दे सकती है। हालांकि, कुछ यह भी मानते हैं कि यह अंतरिम बजट है, ऐसे में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

■ अंतरिम बजट में मानक राशि को बढ़ाया जा सकता है

■ महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है

■ अंतरिम बजट में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद कम

### वित्त मंत्री एक फरवरी को करेगी बजट पेश

वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज के चेयरमैन सुदिप्तो मंडल ने कहा, अंतरिम बजट में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को आयकर मोर्चे पर कुछ राहत मिल सकती है। मानक कटौती की राशि बढ़ाकर कुछ राहत दिये जाने की उम्मीद है। फिलहाल मानक कटौती के तहत 50,000 रुपये की छूट है।





### कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं

हालांकि, अर्थशास्त्री और वर्तमान में बेंगलुरु के डॉ. बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने कहा, यह अंतरिम बजट होगा। ऐसे में कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसका मकसद पूरे साल का बजट पेश होने तक केवल व्यय बजट पर मंजूरी लेने का होता है।

### पुरानी व्यवस्था में ढाई लाख हजार तक आयकर की दर शून्य

वर्तमान में पुरानी कर व्यवस्था के तहत 2,50,000 रुपये तक की आय पर कर की दर शून्य है। वहीं 2,50,001 रुपये से 5,00,000 लाख रुपये तक की आय पर कर की दर पांच प्रतिशत, 5,00,001 लाख से 10 लाख रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत और 10,00,001 और उससे अधिक की आय पर कर की दर 30 प्रतिशत है।

### नई व्यवस्था में तीन लाख तक आयकर की दर शून्य

वहीं नई व्यवस्था में तीन लाख रुपये तक की आय पर कर की दर शून्य है। 3,00,001 से 6,00,000 रुपये तक की आय पर पांच प्रतिशत, 6,00,001 से 9,00,000 रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, 9,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत, 12,00,001 से 15,00,000 रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15,00,000 रुपये से अधिक की आय पर कर की दर 30 प्रतिशत है।

### दोनों कर व्यवस्था में राहत दी गई है

दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गयी है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।

### महिला मतदाताओं को मिल सकती है कुछ अलग छूट

आर्थिक शोध संस्थान, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, 'महिला मतदाताओं पर जोर को देखते हुए आयकर कानून की धारा 88सी के तहत महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है।'

# लार्सन एंड टुब्रो ने राम मंदिर का किया निर्माण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





■ एलएंडटी भारत की 23 अरब डॉलर की बहुराष्ट्रीय कंपनी

■ दुनिया के 50 से अधिक देशों में फैला है कारोबार

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का डिजाइन इंजीनियरिंग एवं निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने तैयार किया और उसके निर्माण को भी अंजाम दिया। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी।

राम मंदिर का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन सोमवार को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुष्ठान में शामिल होंगे। इसके एक दिन बाद मंदिर को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। निर्माण कंपनी ने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आदेशानुसार लार्सन एंड टुब्रो ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर का डिजाइन और निर्माण कार्य सफलतापूर्वक किया।

मंदिर वास्तुकला के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। यह मंदिर 70 एकड़ के परिसर में फैला है। इसका डिजाइन वास्तुकला की प्राचीन नागर शैली से प्रेरित है। मंदिर की ऊंचाई 161.75 फुट, लंबाई 380 फुट और चौड़ाई 249.5 फुट है। यह तीन मंजिला मंदिर होगा। इसमें मुख्य शिखर के साथ पांच मंडप- नृत्य मंडप, रंग मंडप, गूढ़ मंडप, कीर्तन मंडप और प्रार्थना मंडप शामिल होंगे। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एस एन सुब्रमण्यन ने कहा, '' श्री राम जन्मभूमि मंदिर के डिजाइन और निर्माण (का अवसर देने) के लिए हम सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं....'' एलएंडटी भारत की 23 अरब डॉलर की बहुराष्ट्रीय कंपनी है।

### कंपनी हाई-टेक विनिर्माण में लगी हुई

यह इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं, हाई-टेक विनिर्माण तथा सेवाओं में लगी हुई है। इसका कारोबार दुनिया के 50 से अधिक देशों में फैला है।

# राज्यों की कर्ज गारंटी तीन गुना होकर 9.4 लाख करोड़

■ देश के 17 प्रमुख राज्यों द्वारा अपनी इकाइयों को दिया गया

■ यह गारंटी वित्त वर्ष 2016-17 में तीन लाख करोड़ रुपए थी

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के 17 प्रमुख राज्यों द्वारा अपनी इकाइयों को दी गई कुल ऋण गारंटी वित्त वर्ष 2022-23 तक तीन गुना से अधिक होकर 9.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह वित्त वर्ष 2016-17 में तीन लाख करोड़ रुपये थी। हालांकि, गारंटियां आकस्मिक देनदारियां हैं। ये राज्यों के राजकोषीय तंत्र के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकती हैं। ऐसे में राज्यों को एक मजबूत गारंटी निगरानी की जरूरत होती है, ताकि उनकी वित्तीय प्रणाली कुल मिलाकर जुझारू बनी रहे। राज्य अक्सर अपने विभिन्न उद्यमों, सहकारी संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों की ओर से अपने ऋणदाताओं के पक्ष में गारंटी देते हैं और जारी करते हैं जो आमतौर पर बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान होते हैं। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने रिपोर्ट में कहा कि देश के 17 प्रमुख राज्यों द्वारा अपनी इकाइयों को दी गई कुल ऋण गारंटी 2016-17 में तीन लाख करोड़ रुपये से तीन गुना होकर 9.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वास्तव में, ऐसी गारंटी पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2016-17 में तीन लाख करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2020-21 में 7.7 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2021-22 में यह नौ लाख करोड़ रुपये हो गई।

## टाटा एक फरवरी से यात्री वाहनों के दाम बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अगले महीने से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने सभी यात्री वाहनों की कीमतों में औसतन 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह मूल्यवृद्धि एक फरवरी, 2024 से प्रभावी होगी। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई के लिए कंपनी यह कदम उठा रही है। कंपनी पंच, नेक्सॉन और हैरियर सहित कई यात्री वाहन बेचती है।

## पूंजीकरण में सर्वाधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,936.21 करोड़ की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,144.8 अंक 1.57 प्रतिशत नीचे आया। एनएसई और बीएसई पर 20 जनवरी यानी शनिवार को सामान्य कारोबारी सत्रों का आयोजन किया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।


## अप्रैल-दिसंबर में बिजली की मांग आठ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। यह आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है।

## केंट आरओ सिस्टम्स अमेरिकी बाजार में उतरेगी

**नई दिल्ली।** वॉटर प्यूरीफायर बनाने वाली घरेलू कंपनी केंट आरओ सिस्टम्स का इरादा अगले वित्त वर्ष में अमेरिकी बाजार में उतरने का है। कंपनी ने अगले तीन साल में 2,000 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए वह अपने उपकरण पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक महेश गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंट आरओ सिस्टम्स ने पिछले तीन साल में विस्तार पर 500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अब कंपनी उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक नई पंखा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 300 करोड़ रुपये का और निवेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी जो पहले वॉटर प्यूरीफायर के लिए जानी जाती थी, अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और उपकरण खंड, विशेष रूप से छोटे रसोई उपकरणों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में कंपनी के राजस्व में नई श्रेणियों का योगदान आधा हो जाएगा।

## शब्द पहेली - 5402



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5401 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5412

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5411 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

एक समय सब सहित समाजा। राजसभाँ रघुराजु बिराजा॥
सकल सुकृत मूरति नरनाहू। राम सुजसु सुनि अतिहि उछाहू॥

एक समय रघुकुल के राजा दशरथजी अपने सारे समाज सहित राजसभा में विराजमान थे। महाराज समस्त पुण्यों की मूर्ति हैं, उन्हें श्री रामचन्द्रजी का सुंदर यश सुनकर अत्यन्त आनंद हो रहा है॥1॥

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

# राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए अयोध्या पहुंचे स्टार खिलाड़ी, कुंबले-वेंकटेश ने शेयर की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने के लिए देशभर के स्टार खिलाड़ी अयोध्या पहुंचने लगे हैं। इस कड़ी में भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर लखनऊ पहुंचे। कुंबले सोमवार को बहुप्रतीक्षित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। कुंबले के अलावा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने समारोह की तस्वीरें साझा की है। अनिल कुंबले को रविवार दोपहर लखनऊ हवाई अड्डे पर देखा गया और पूर्व भारतीय क्रिकेटर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच अनिल कुंबले के पूर्व साथी और तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद राम मंदिर समारोह के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं।




### वेंकटेश ने लिखा, जय श्री राम

वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जय श्री राम। क्या क्षण है। सभी जीवन भर की घटना का गवाह बनने के लिए तैयार हैं। हमारे सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक। पूरी अयोध्या और हमारे देश का अधिकांश हिस्सा खुशी से झूम रहा है। अयोध्यापति श्री रामचन्द्र जी की जय।

### दिग्गज खिलाड़ियों को भी मिला है न्योता

बता दें कि राम मंदिर समारोह में एमएस धोनी, विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, आर अश्विन और हरमनप्रीत कौर जैसे भारतीय क्रिकेटरों को आमंत्रित किया गया है। देखने वाली बात होगी कि ये सभी कब अयोध्या पहुंचते हैं।

### ऐतिहासिक दिन पर करने जाऊंगा दर्शन : हरभजन



पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी के सांसद हरभजन सिंह ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक दिन बताया है। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा है कि दूसरे लोग कुछ भी करें, वह मंदिर जरूर जाएंगे और दर्शन करेंगे। दुबई में एजेंसी से बात करते हुए हरभजन सिंह ने प्रधानमंत्री की तारीफ की। हरभजन सिंह ने कहा कि लोग क्या सोचते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मेरी आस्था है और मैं अयोध्या जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी से ऊपर उठकर इसका स्वागत करना चाहिए। हरभजन सिंह ने कहा, मैं निश्चित रूप से मंदिर जाऊंगा। मैं धर्म और भगवान में दृढ़ विश्वास रखता हूं। मैं आशीर्वाद लेने के लिए हर मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे जाता हूं। जब भी मौका मिलेगा मैं मंदिर जाऊंगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। देश के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जितना संभव हो उतने लोगों को कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए और आशीर्वाद लेना चाहिए।

### रामभक्त अफ्रीका के खिलाड़ी महाराज ने दी शुभकामनाएं



*दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी केशव महाराज ने सोमवार को होने वाली अयोध्या में राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' को लेकर भारतीय समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गौरतलब हो कि भगवान राम और हनुमान के भक्त केशव महाराज ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी को नमस्ते। मैं अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए साउथ अफ्रीका में अपने भारतीय समुदाय को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान हो। जय श्री राम।*

## खबर संक्षेप



### सानिया ने की तलाक की पुष्टि

**नई दिल्ली।** सानिया मिर्जा के परिवार ने रविवार को भारतीय टेनिस स्टार और शोएब मलिक के अलग होने की पुष्टि की। मलिक ने एक दिन पहले अभिनेत्री सना जावेद से दूसरे निकाह की घोषणा की थी। सानिया के परिवार द्वारा जारी बयान के अनुसार, 'सानिया ने अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखा है। लेकिन आज उनके लिए यह बताना जरूरी हो गया है कि कुछ महीने पहले ही उनका और शोएब का तलाक हो चुका है। वह शोएब को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं देती हैं।'

### भारत को स्पिनर दिलाएंगे जीत



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि भारत का शानदार स्पिन आक्रमण बेन स्टोक्स एंड कंपनी के खिलाफ पांच मैच की घरेलू श्रृंखला में उन्हें जीत दिलायेगा। पहला टेस्ट गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होगा। इंग्लैंड ने भारत में अभ्यास मैच खेलने के बजाय अबुधाबी में तैयारी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की टीम में सिर्फ जैक लीच ही अनुभवी स्पिनर हैं जबकि टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद कम अनुभवी हैं। भारतीय टीम में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे स्पिनर शामिल हैं।

### लॉरेंस इंग्लैंड टीम में शामिल, ब्रुक हटे



**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को घोषणा की कि हैरी ब्रुक भारत के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेलेंगे और उनकी जगह मध्यक्रम बल्लेबाज डैन लॉरेंस को शामिल किया गया है। ब्रुक निजी कारणों से तुरंत स्वदेश लौट जायेंगे। ईसीबी ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए ब्रुक की जगह सर्रे के 26 वर्षीय लॉरेंस सोमवार को टीम से जुड़ेंगे और भारत जाएंगे। श्रृंखला से पहले अभ्यास शिविर के लिए ब्रुक टीम के साथ अबुधाबी पहुंचे थे।

### मान सिंह ने एशियाई मैराथन में जीता स्वर्ण



**हांगकांग।** मान सिंह रविवार को यहां एशियाई मैराथन चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने। मान सिंह (34 साल) ने दो घंटे 14 मिनट और 19 सेकेंड का समय निकाला, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल मुंबई मैराथन में दो घंटे 16 मिनट 58 सेकेंड का था जिससे वह 11वें स्थान पर रहे थे।

## आस्ट्रेलियन ओपन : मानारिनो को 6-0, 6-0, 6-3 हराया


# 58वीं बार अंतिम-8 में पहुंचे जोकोविच फेडरर के ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

*सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार को यहां एड्रियन मानारिनो पर 6-0, 6-0, 6-3 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और रोजर फेडरर के सर्वकालिक ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी की। 10 बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच ने एक घंटे 44 मिनट में मिली जीत के दौरान 31 विनर जमाए और मेजर में 58वीं बार अंतिम आठ में प्रवेश कर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच 14वीं दफा आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और उनकी निगाहें 25वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब पर लगी हैं।*

*अब उनका सामना 12वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पिछले साल यहां उप विजेता रहे स्टेफानोस सिटसिपास पर 7-6 (3), 5-7, 6-3, 6-3 की जीत से पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।*


जोकोविच 14वीं दफा आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



### सबालेंका और गॉफ की शानदार जीत

महिलाओं के वर्ग में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका और अमेरिकी ओपन विजेता कोको गॉफ ने शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-2 से हराया। उनका सामना 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और नौवें नंबर की खिलाड़ी बारबोरा क्रेजसिकोवा के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सितंबर में अमेरिकी ओपन में पहला मेजर जीतने वाली गॉफ ने मागडालेना फ्रेच को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी और अब उनकी भिड़ंत सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगी जिन्होंने मारिया टोमाफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर पहली बार मेजर के अंतिम आठ में जगह बनाई।

# टी20 मैच 42 रन से जीता पाक, न्यूजीलैंड के नाम 4-1 से सीरीज



एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पाकिस्तान रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से बच गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 134 रन बनाए।

यह श्रृंखला में मेहमान टीम का न्यूनतम स्कोर था, इससे पहले टीम ने पिछले चार टी20 में 180, 173, सात विकेट पर 179 और पांच विकेट पर 158 रन बनाए थे। लेकिन हेगले की खराब पिच पर यह स्कोर भी काफी साबित हुआ और न्यूजीलैंड की टीम महज 92 रन के स्कोर पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए इफ्तिखार अहमद नायक साबित हुए जिन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे न्यूजीलैंड के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। इफ्तिखार ने टिम सिफर्ट (19), मैट हेनरी (01) और ईश सोढी (01) को आउट किया जबकि विल यंग (12) का कैच लेकर आउट किया और मार्क चैपमैन (01) को रन आउट करने में भूमिका अदा की। इससे पाकिस्तानी टीम श्रृंखला में 0-5 से हारने से बच गयी और न्यूजीलैंड ने 4-1 से श्रृंखला जीती। पाकिस्तान की पारी में मोहम्मद रिजवान ने 38 और फखर जमां ने 33 रन बनाए।

### पुजारा के 20 हजार रन, सौराष्ट्र ने दर्ज की पहली जीत

*नागपुर। चिराग जानी के पांच विकेट की बदौलत गत चैम्पियन सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन विदर्भ को 238 रन से रौंदकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। सौराष्ट्र के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 66 रन की पारी के दौरान यादगार उपलब्धि हासिल की। वह सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बाद 20,000 प्रथम श्रेणी रन जुटाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। विदर्भ की टीम 373 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए जरा भी चुनौती पेश नहीं कर सकी।*

# सात्विक-चिराग इंडिया ओपन में उपविजेता, कैंग-सियो को खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2018 के चैंपियन युकी ने कड़े फाइनल में हांगकांग के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी ली च्युक यीयू को 54 मिनट में 23-21, 21-17 से हराकर दूसरी बार इंडिया ओपन जीता।



### ग्रैंडमास्टर गुकेश ने वार्मरडैम को हराया



**विज्क आन ज़ी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की, जिससे वह संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए। इस जीत से गुकेश ने संभावित सात में से 4.5 अंक हासिल कर लिए हैं और अब वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

# एमबापे के दो गोल, 4-1 से जीता पीएसजी

एजेंसी ▶▶| पेरिस



किलियान एमबापे ने दो गोल करने में मदद की और दो गोल दागे जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ( ) ने शनिवार को यहां ओरलियांस को 4-1 से हराकर फ्रेंच कप के राउंड 16 में प्रवेश किया। एमबापे ने 16वें और 62वें मिनट में दो गोल दागे जिससे इस सत्र के 26 मैच में उनके गोल की संख्या 28 हो गई।

फिर एमबापे ने 71वें मिनट में क्रास से गोंकालो रामोस को और 88वें मिनट स्थानापन्न मिडफील्डर सेनी मायुलु को गोल करने में मदद की। अनुभवी स्ट्राइकर विसाम बेन येडर की हैट्रिक की बदौलत मोनाको ने रोडेज पर 3-1 की जीत से पीएसजी के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। लेकिन 2022 के विजेता नानटेस को लावाल से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड 32 के अन्य मुकाबले में नाइस ने बोर्डेक्स पर 3-2 से जीत हासिल की। ब्रेस्ट ने भी ट्रेलिसाच पर 2-1 की जीत से अगले दौर में प्रवेश किया।

## रणजी ट्रॉफी: मध्य प्रदेश ने 86 रन से दर्ज की जीत

# लचर प्रदर्शन से दिल्ली की एक और शर्मनाक हार

एजेंसी ▶▶| इंदौर

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण दिल्ली को रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी में मध्य प्रदेश से 86 रन से हार का सामना करना पड़ा जो इस सत्र में उसकी दूसरी पराजय है। मध्य प्रदेश से पराजय दिल्ली को इसलिए भी ज्यादा आहत करेगी क्योंकि उसने मैच के पहले दिन मेजबान टीम को 171 रन पर आउट करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। इसके जवाब में दिल्ली ने 205 रन बनाकर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की थी।

मध्य प्रदेश ने खेल के तीसरे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 5 विकेट पर 157 रन से आगे बढ़ाई और 251 रन बना कर दिल्ली के सामने 218 रन का लक्ष्य रखा। मध्य प्रदेश की तरफ से कप्तान शुभम शर्मा ने 73 रन बनाए। दिल्ली के बल्लेबाजों ने फिर से निराश किया और उसकी पूरी टीम 131 रन पर आउट हो गई। केवल वैभव कांडपाल (125 गेंद पर नाबाद 49) ही गेंदबाजों का डटकर सामना कर पाए। दिल्ली को अपने पहले मैच में पुडुचेरी से हार का सामना करना पड़ा था जबकि जम्मू कश्मीर के खिलाफ उसका मैच खराब मौसम से प्रभावित रहा था। इस ड्रॉ मैच में दोनों टीम ने अंक बांटे। पुडुचेरी से हार के बाद दिल्ली ने कप्तानी में बदलाव किया था तथा यश ढुल की जगह हिम्मत सिंह को कप्तान बनाया था, लेकिन इससे भी टीम का भाग्य नहीं बदला।




### 55 रन से जीता देहरादून

*पुडुचेरी ने देहरादून ने खेले गए मैच में उत्तराखंड को 55 रन से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पुडुचेरी ने पहली पारी में 204 रन बनाकर उत्तराखंड को 123 रन पर आउट कर दिया था। उसने दूसरी पारी में 131 रन बनाकर उत्तराखंड के सामने 213 रन का लक्ष्य रखा था। गौरव यादव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 53 रन देकर सात विकेट हासिल किए और उत्तराखंड को दूसरी पारी में 157 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।*

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का जवाब है 'विराटबॉल'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए भारत के पास 'विराटबॉल' मौजूद है। इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है।

गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'विराट कोहली जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' मौजूद है।' कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में जुड़ने से महज 152 रन दूर हैं। वह इस आगामी श्रृंखला में भारत की मुख्य कड़ी होंगे। उनके नाम 113 मैच में 29 अर्धशतक और 30 शतक हैं। गावस्कर ने कहा, 'हां, पारी को बढ़ाने का मतलब अर्धशतक से ज्यादा शतक होना है। कोहली के पास शतक और अर्धशतक समान ही हैं, इसका मतलब है कि उनकी अर्धशतक को शतक में तब्दील करने की गति काफी अच्छी है।'

# अयोध्या से लेकर सात समंदर पार प्रभु राम की धूम

## सिडनी में खुशियां, पेरिस में रथ यात्रा, लंदन में दिखा भक्ति का रंग







एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का ऐतिहासिक और पवित्र अवसर दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों के लिए संस्कृतिक उत्सव बन गया है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन वाशिंगटन से लेकर पेरिस, सिडनी और लंदन तक में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका आयोजन विश्व हिंदू परिषद और हिंदू प्रवासी समूहों द्वारा किया जा रहा है।

विश्व हिंदू परिषद के जनरल सेक्रेटरी स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि विहिप का 60 से अधिक देशों में सीधा संपर्क है। उन्होंने वहां हिंदू संगठनों के साथ कार्यक्रमों की योजना बनाई है।

विज्ञानानंद ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दुनिया भर में कार रैलियां, रथ यात्रा या प्रभारत फेरी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मंदिरों में अभिषेक समारोह आयोजित किए जाएंगे। जिनका लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

**दुनिया भर में रैलियां, रथ यात्रा** | **सात समंदर पार अमेरिका भी राममय** | **60 देशों में सीधा विविध कार्यक्रम** | **विदेशी स्टोर पर दीये अगरबत्ती खूब बिक रहे** | **फिजी के देवी मंदिर में भजन कीर्तन**

*अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की धूम पूरी दुनिया में देखी जा रही है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, थाइलैंड सहित तमाम देशों में रह रहे भारतीय इसका जश्न मना रहे हैं।*

### लंदन में निकली कार रैली

राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न ब्रिटेन में भी मनाया जा रहा है। लंदन में भारतीय समुदाय के लोगों ने कार रैली निकाली। बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोगों ने 325 से अधिक कारों के साथ हिस्सा लिया।

### पेरिसः रथ यात्रा

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 22 जनवरी को शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित प्लेस डे ला कैपेल से विश्व प्रसिद्ध एफिल टॉवर तक राम रथ यात्रा निकाली जाएगी। एफिल टॉवर पर श्री राम धुन जाप और कार्यक्रम होंगे।

### कनाडा और अमेरिका

*कनाडा और अमेरिका में तो हर शहर के कई मंदिरों से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण होने जा रहा है। कनाडा में टोरंटो शहर की दो म्यूनिस्पैलिटी ओकविले और ब्रम्पटन के मेयरों- रॉब बरटन और पेट्रिक ब्रॉन ने 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर दिवस मनाने की घोषणा की है। स्टोर पर दीये, अगरबत्ती आदि खूब बिक रहे हैं।*

### कैलिफोर्निया में कार रैली

अमेरिका के कई शहरों में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह किए जा रहे हैं। वाशिंगटन में भी मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जनवरी को कैलिफोर्निया में कार रैली निकाली गई।

**सिडनी में रैलीः** आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में भारतीय समुदाय ने कार रैली निकाली। आयोजन में 100 से अधिक कारों ने भाग लिया। इसमें सैकड़ों 'राम भक्त' शामिल थे।


थाईलैंड की 'अयुध्या'

दक्षिण पूर्वी एशियाई देश थाईलैंड में भी अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के जश्न का माहौल है। थाईलैंड की 'अयुध्या' से तो मिट्टी और यहां की तीन नदियों का जल अयोध्या आया है। जैसे हमारे यहां अयोध्या है, वैसे ही थाईलैंड में 'अयुध्या' है। यहां भी जश्न का माहौल है। भले ही भौगोलिक रूप से थाईलैंड भारत की भूमि से दूर हो, लेकिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और रामायण की गाथा आज भी विद्यमान है।

### ह्यूस्टन में बिलबोर्ड

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में भगवान राम का 300 फीट लंबा एक भव्य बिलबोर्ड लगाया गया है। ग्रीन कुंभ यात्रा और सेव राम सेतु अभियान की संस्थापक, लिविंग प्लैनेट फाउंडेशन की डॉ. कुसुम व्यास द्वारा इसे डिजाइन किया गया है।

# मॉस्को जा रहा 'फाल्कन 10' विमान अफगानिस्तान में क्रैश, 6 लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उज्बेकिस्तान के रास्ते भारत से मॉस्को जा रहा एक चार्टर्ड विमान अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बदख्शां में तालिबान के सूचना एवं संस्कृति प्रमुख ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इसने भारत के गया से रूस के जुकोवस्की के लिए उड़ान भरी थी। इसमें चार क्रू मेंबर्स समेत 6 लोग सवार थे। सभी लापता हैं। मामले की जांच के लिए एक टीम भेज दी गई है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया था कि यह भारतीय यात्री विमान है। भारतीय विमान के अधिकारियों ने विमान के भारतीय नहीं होने की बात कही है। जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ वह मोरक्कन पंजीकृत डीएफ 10 विमान था। रूसी विमानन अधिकारियों ने कहा कि विमान में 6 लोगों के सवार होने की आशंका है। विमान शनिवार शाम को अफगानिस्तान के ऊपर रडार स्क्रीन से गायब हो गया था।



### गया एयरपोर्ट पर भरवाया था फ्यूल

अफगानिस्तान के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होने वाले विमान ने थाइलैंड से उड़ाने भरने से पहले भारत के गया शहर के हवाईअड्डे पर ईंधन भरवाया था। इसके बाद यहां से उज्बेकिस्तान के ताशकंद होते हुए मॉस्को में झुकोव्स्की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए चार्टर एम्बुलेंस विमान के तौर पर रवाना हुआ था। यह विमान एथलेटिक ग्रुप एलएलसी से संबंधित है। तालिबान ने बयान में विमान को मोरक्को की एक कंपनी का बताया। अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद से वहां अंतरराष्ट्रीय विमानों के संचालन से बचा जाता रहा है।

# पीएम मोदी ने जापान को दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान ने शनिवार देर रात चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग सफलतापूर्वक पूरा करने वाला पांचवां देश बन गया है। एक्स पर पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी की टीम को बधाई दी।

पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने चंद्रमा पर 'स्लिम' की सफल लैंडिंग के लिए मिशन में शामिल सभी लोगों को बधाई दी थी। पीएम किशिदा ने लिखा कि हम अपने वैज्ञानिकों का सहयोग जारी रखेंगे, ताकि वे आगे भी चुनौतियों का सामना कर सकें। हालाँकि जेक्शा के अंतरिक्ष यान का सौर सेल बिजली पैदा नहीं कर रहा है जिससे मिशन की सफलता पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। जेक्शा की टीम अंतरिक्ष यान के डेटा का विश्लेषण कर रही है।







## मालदीव में 14 साल के बच्चे को नहीं मिली एयरलिफ्ट

मालदीव और भारत के बीच तनाव का माहौल कम नहीं हो रहा है।



इस बीच 14 साल के एक बच्चे को मेडिकल इमरजेंसी की जरूरत पड़ने पर परिजनों की मांग पर भी भारतीय हेलिकॉप्टरों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी। गैफ अलिफ विलिंगिली स्थित अपने घर से राजधानी माले के अस्पताल पहुंचने में काफी देर हो जाने से बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को ब्रेन ट्यूमर था और अचानक स्ट्रोक आने पर उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाना जरूरी था। परिजनों ने बच्चे को राजधानी माले ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस के लिए अनुरोध किया, लेकिन वहां के अधिकारी इसकी अनुमति देने में 15 घंटे लगा दिए। इससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। भारत का दो नौसैनिक हेलिकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान मालदीव में है।

# अमेरिका के 2 सरकारी स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे हिंदी पाठ्यक्रम

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

कैलिफोर्निया में पहली बार, सिलिकॉन वैली के दो सरकारी स्कूल अपने पाठ्यक्रम में हिंदी को विश्व भाषा के रूप में शामिल करेंगे। हिंदी भाषा को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश करने के निर्णय का फ्रेमोंट में बड़े स्तर पर भारतीय अमेरिकी समुदाय ने स्वागत किया है। ये लोग अपने बच्चों को स्कूलों में हिंदी सिखाने की मांग कर रहे थे।



कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में भारी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोग निवास करते हैं। फ्रेमोंट यूनिफ़ाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ने इस पायलट कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 17 जनवरी को मतदान कराया था। हिंदी के पक्ष और विपक्ष में 4-1 के अनुपात में वोट पड़े। वोटिंग के बाद हॉर्नर मिडिल स्कूल और इरविंगटन हाई स्कूल में हिंदी भाषा को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। यह पाठ्यक्रम दोनों स्कूलों में अगस्त में शुरू होने वाले 2024-2025 सत्र से लागू होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109